आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 125 | हापुड़, बुधवार 20 नवम्बर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साबर डेयरी के पशु आहार संयंत्र और पुलिस विज्ञान कांग्रेस का करेंगे उद्घाटन



गांधीनगर । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने गुजरात दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और करोड़ों रुपयों की सौगात प्रदेश को देंगे। मंगलवार को अमित शाह गांधीनगर में महात्मा मंदिर में एक डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में पुलिसिंग और सार्वजनिक सुरक्षा में प्रगति पर चर्चा की जाएगी। उसके बाद अमित शाह साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर कस्बे के निकट साबर डेयरी के पशु आहार संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। जिसकी उत्पादन क्षमता 800 मीट्रिक टन है। उद्घाटन गुजरात के कृषि और डेयरी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। इस संयंत्र से अरवल्ली और साबरकांठा जिले के पशुपालकों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलने की उम्मीद है। इसे 210 करोड़ रुपये की लागत से बनाकर तैयार किया गया है। मंगलवार शाम को अमित शाह अहमदाबाद शहर के बाहरी इलाके में शेला गांव के पास एक नव-विकसित झील का लोकार्पण करेंगे। गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे अमित शाह ने विश्वास जताया कि भाजपा और उसके सहयोगी दल महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतेंगे। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। जिसमें सुरक्षा समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तारीफ की थी। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर उन्होंने लिखा था कोई भी शक्तिशाली इकोसिस्टम चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, वह सच्चाई को हमेशा के लिए अंधेरे में नहीं छिपा सकता। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' इकोसिस्टम को चुनौती देती है और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करती है।

## द साबरमती रिपोर्ट स्टार विक्रांत मैसी ने की सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात




मुंबई । गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के एक्टर विक्रांत मैसी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम के साथ अभिनेता की तस्वीर सामने आई है। सीएम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर विक्रांत मैसी के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा सीएम योगी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी जी ने शिष्टाचार भेंट की। तस्वीर में विक्रांत, सीएम के साथ खड़े पोज देते नजर आ रहे हैं। विक्रांत ने ब्लैक कलर की हुडी पहन रखी है, जिस पर फिल्म का टाइटल 'द साबरमती रिपोर्ट' प्रिंट है। 'द साबरमती रिपोर्ट' को मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा साबरमती एक बहुत अच्छी फिल्म है। मैं व्यक्तिगत रूप से इसे देखने जा रहा हूं। मैं अपने मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को भी अपने साथ ले जा रहा हूं। मैं बताना चाहता हूं कि हम इसे टैक्स फ्री करने जा रहे हैं ताकि अधिक लोग इसे देख सकें। अतीत का वो ऐसा काला अध्याय है, जिसकी सच्चाई इस फिल्म को देखने के बाद समझ में आती है। राजनीति अपनी जगह है लेकिन वोटों की राजनीति के लिए इतना गंदा खेलना बहुत खराब बात थी। मेरा मानना है कि उस समय प्रधानमंत्री मोदी तत्कालीन मुख्यमंत्री थे और उन्होंने बेहद कुशलता के साथ पूरी घटना को संभाला था। ऐसे में इस फिल्म की सच्चाई सामने आनी चाहिए। गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की थी। पीएम ने इस फिल्म की तारीफ करते हुए कहा था कि फेक नैरेटिव ज्यादा दिनों तक नहीं चलता। अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी फिल्म की तारीफ की है। गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। द साबरमती रिपोर्ट 27 फरवरी, 2002 को हुई घटना पर आधारित हैं। जिसमें ट्रेन की एक बोगी में झुलसकर 59 लोगों की मौत हो गई थी।

फिल्म में अभिनेत्री राशि खन्ना, विक्रांत मैसी और रिद्धि डोगरा पत्रकार की भूमिका में हैं। फिल्म में रिद्धि ने एक अंग्रेजी और विक्रांत-राशि ने हिंदी पत्रकार की भूमिका निभाई है।

## अखिलेश यादव की मांग- वोटिंग के दौरान बुर्का हटाकर चेकिंग न करें



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मुस्लिम महिलाओं की वोटिंग के दौरान बुर्का हटाकर चेकिंग नहीं की जाना चाहिए। इस आशय का उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने कहा कि यूपी में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए। सपा ने ईसी को लिखे अपने पत्र में कहा,महिलाएं अगर बुर्का पहनकर वोटिंग करें तो पुलिस हस्तछेप न करे।

मुस्लिम महिलाओं के बुर्का हटाने को लेकर वह डरी हुई हैं. ऐसे में वह मतदान नहीं कर पाती हैं। समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वोटिंग के दौरान पुलिस के पास वोटर का पहचान पत्र जांच करने का अधिकार न हो. क्योंकि मुस्लिम वोटर पुलिस के नकाब हटाने को लेकर भयभीत हैं। सपा की इस मांग से सियासी घमासान मच सकता है। क्योंकि बीजेपी कई मौकों पर बुर्काधारी महिला वोटर्स की जांच की मांग करती आई है। दिल्ली की 7 सीटों पर इस बार हुए लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी की दिल्ली यूनिट ने भी ऐसी ही मांग की थी।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली भाजपा का एक प्रतिनिधमंडल, जिसमें विधायक अजय महावर, मोहन सिंह विष्ट, प्रदेशमंत्री किशन शर्मा, वकील नीरज गुप्ता ने दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा था. इसमें मांग की गई थी कि मतदान वाले दिन दिल्ली में जो भी बुर्का पहनकर या मुंह पर मास्क लगाकर मतदान करने आए, उसकी पूरी जांच के बाद ही वोट डालने दिया जाए। महिला अधिकारी या महिला पुलिस उनका चेहरा चैक करे।

## अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता, सुशासन को समर्पित होगा साल 2025 - सीएम योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2025 अत्यंत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। यह वर्ष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाना है, तो यह लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती का भी वर्ष है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हम संविधान अंगीकार करने का अमृत महोत्सव मनाएंगे, वहीं लोकतंत्र की हत्या %आपातकाल% के 50 वर्ष पूरे होने पर लोगों को जागरूक भी किया जाना है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती भी इसी वर्ष मनाई जाएगी। 2025 का यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष है तो इसी वर्ष हमें जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य भी पूरा करना है। यह पूरा वर्ष अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता और सुशासन की परिकल्पना को समर्पित होगा। इनके दृष्टिगत पूरे वर्ष आयोजन किए जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि 26 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहे संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरुआत पर राजधानी लखनऊ में शासन स्तर के साथ-साथ सभी सरकारी संस्थानों, विभागों, कार्यालयों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली जानी चाहिए। स्कूल/कॉलेजों में निबंध और डिबेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। संसदीय कार्य विभाग इसका नोडल विभाग होगा। पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र जारी कर दी जाए। उन्होंने बैठक में कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में पूरी दुनिया से लोगों का आगमन होगा। यह दुनिया के लिए भारत को जानने, समझने का सुअवसर है। महाकुंभ में भारतीय संविधान पर आधारित संविधान गैलरी तैयार कराई जाए। यहां संविधान सभा के गठन चर्चा-परिचर्चा, संविधान के बनने की पूरी प्रक्रिया को ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार जनजातीय समाज की संस्कृति के संरक्षण और जनजातीय समाज के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। बलरामपुर के इमिलिया कोडर में जनजातीय संग्रहालय भी स्थापित किया गया है, जबकि दो और संग्रहालय भारत सरकार द्वारा स्थापित कराए जा रहे हैं। महाकुंभ में भगवान बिरसा मुंडा पर और प्रदेश की जनजातीय संस्कृति, सरकार के प्रयासों पर केंद्रित विशेष गैलरी बनाई जाए। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर विश्वविद्यालयों में अटल शोध पीठ तथा सुशासन पीठ की स्थापना कराई जानी चाहिए। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसमें आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार, सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष में राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करते हुए पूरे वर्ष विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाना चाहिए। गृह विभाग इसका नोडल विभाग होगा। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती को पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिए। आक्रांताओं के कालखंड में किस प्रकार अहिल्याबाई जी ने भारतीय सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवन दिया, इससे नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। अहिल्याबाई जी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर स्कूल कॉलेजों में निबंध, डिबेट और सेमिनार का आयोजन भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोगों को अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी विभीषिका से नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। इस दौरान लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के सम्मेलन कराया जाना चाहिए। इस संबंध में सूचना विभाग द्वारा आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए।

## देश को उत्तर प्रदेश से मिलेगी पहली नाइट सफारी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तय किया है कि दिसंबर 2026 में उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार देगा। राजधानी लखनऊ में विकसित की जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया रोमांचक केन्द्र होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर सम्पन्न एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं वन्य जीव केन्द्र (जू) की योजना की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों लक्ष्य तय करते हुए कहा कि इसका निर्माण कार्य हर हाल में जून, 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी व जू के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी व चिड़ियाघर (जू) की आर्थिक व्यवस्था के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाए। साथ ही 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है नाइट सफारी मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिल जाएगा। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी। विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी सफारी मुख्यमंत्री ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के पश्चात यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को लखनऊ स्थित अन्य पर्यटन स्थलों से भी जोड़ा जाएगा। नाइट सफारी के 72 फीसदी एरिया को ग्रीनरी में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया भी चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ कर दी जाएगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म जोन भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को स्थान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यहां क्वारंटीन सेंटर, वेटनरी हॉस्पिटल, पोस्ट ऑपरेशन व ऑपरेशन थियेटर की भी समुचित व्यवस्था हो। यहां कैफेटेरिया, 7 डी थियेटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग आदि की भी सुविधा हो। उन्होंने कहा कि एडवेंचर जोन के तहत सुपरमैन जिपलाइन, आर्चरी जिप लाइन, पैडल बोट, स्काई रोलर, फाउंटेन, किड्स एक्टिविटी के लिए जंगल एनिमल थीम, स्काई साइकिल आदि विकसित किया जाए।

डे सफारी का विस्तार दूसरे चरण में होगा। बैठक में प्रदेश सरकार के वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, शासन व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। नाइट-डे सफारी की होगी यह विशेषता - नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रे, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंट की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे। - पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क के अवलोकन हेतु 5.5 किमी. ट्रामवे तथा 1.92 किमी. का पाथवे माध्यम से किया जाएगा- नाइट सफारी में मुख्यत: एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेंदुआ, हॉयना आदि मुख्य आकर्षण होंगे।

- कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तरीय वन्य जीव चिकित्सालय व रेस्क्यू सेंटर का निर्माण भी प्रस्तावित है।- कुकरैल वन क्षेत्र में स्थापित होने वाले जू में कुल 63 इनक्लोजर बनाए जाएंगे।- चिड़ियाघर (जू) में सारस क्रेन, सांप, हिरण, हिमालयन भालू, साउथ अफ्रीकन जिराफ, अफ्रीकन लॉयन व चिंपाजी मुख्य आकर्षण होंगे- चिड़ियाघर (जू) को अफ्रीकन सवाना, इनक्रेडिबल इंडिया, इंजीनियर्ड वेटलैंड नामक थीम क्षेत्रों पर विकसित किया जाएगा।

## राहुल, प्रियंका ने इंदिरा गांधी की जयंती पर लिखा भावुक संदेश



नई दिल्ली । पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने श्रद्धांजलि दी। राहुल और प्रियंका गांधी ने दादी इंदिरा को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भावुक संदेश भी लिखा। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर लिखा, दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्हीं से मैंने सीखा है कि निडर होकर देशहित के रास्ते पर चलते रहना असली ताकत है। उनकी यादें मेरी शक्ति हैं, जो हमेशा मुझे राह दिखाती हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने दादी को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर की। प्रियंका गांधी ने इंदिरा गांधी के महाराष्ट्र चुनाव प्रचार को याद करते हुए लिखा, मेरी दादी इंदिरा गांधी जी अपने चुनाव अभियान की शुरुआत हमेशा महाराष्ट्र के नंदुरबार से करती थीं। वे मानती थीं कि आदिवासी समाज की संस्कृति सबसे अच्छी और अनूठी है क्योंकि वह प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करती है। उन्होंने आगे लिखा, जब वह प्रधानमंत्री बनीं तो आदिवासी समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कानून बनाकर उन्हें शक्ति देने का काम किया। उन्होंने अपनी नीतियों से आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों को सबसे ज्यादा मजबूत किया। आज कांग्रेस पार्टी जाति आधारित जनगणना और एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की मांग करके इंदिरा गांधी के विचारों को ही आगे बढ़ा रही है। दादी के दिए सेवा और संस्कार के सबक सदैव हमारे साथ रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, हमने विश्वास किया है और हम अब भी विश्वास करते हैं कि स्वतंत्रता अविभाज्य है, शांति अविभाज्य है और आर्थिक समृद्धि अविभाज्य है। उन्होंने आगे लिखा, करोड़ों भारतीय आयरन लेडी ऑफ इंडिया के जीवन से प्रेरणा लेते रहेंगे। उनके लिए इंदिरा गांधी आजीवन संघर्ष, साहस और गतिशील नेतृत्व की प्रतीक थीं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर शक्ति स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि भी दी।

## नई दिल्ली में भव्य 'महाकुंभ कॉन्क्लेव' का आयोजन करेगी योगी सरकार

लखनऊ। महाकुंभ-2025 का आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य की पर्यटन और वैश्विक स्तर पर पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भी एक प्रमुख प्रयास है। इसी बात को ध्यान में रखकर महाकुंभ की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने तथा देश-दुनिया के गणमान्य व अति विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करने के लिए नई दिल्ली में महाकुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में भव्य स्तर पर इस एक दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा क्योंकि यहां आने वाले आगंतुक महाकुंभ में योगी सरकार द्वारा दी जा रही टूरिज्म ऑफरिंग्स, तैयारियां और उपलब्धियों के साथ ही उत्तर प्रदेश की लोककला व सांस्कृतिक छटा का भी आनंद उठा सकेंगे। महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें पूरी दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए विशेष रूप से %महाकुंभ कॉन्क्लेव% की योजना बनाई है, जो एक अनूठा इंटरैक्टिव सत्र होगा। इसके जरिए, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आगंतुकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया जाएगा। महाकुंभ कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और प्रशासनिक कुशलता का उदाहरण पेश करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर राज्य की ब्रांडिंग का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में समुद्र मंथन से प्राप्त 14 रत्नों के थ्रीडी मॉडल की नुमाइश होगी तथा सांस्कृतिक संध्या में उत्तर प्रदेश के लोक संगीत और नृत्य की प्रस्तुति भी होगी, जो महाकुंभ की आध्यात्मिकता को सजीव करेगी। साथ ही, प्रत्येक अतिथि को यूपी की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में दुनियाभर से आए 700 अतिविशिष्ट अतिथियों का जमावड़ा लगेगा। अतिथियों के सम्मान में हाई टी व डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इन विशिष्टताओं को किया जाएगा प्रदर्शित - डिजिटल डिस्प्ले जोन ÷ बड़ी एलईडी स्क्रीन पर कुंभ मेला की कहानी, नागा साधुओं व विभिन्न अखाड़ों के संन्यासियों के जीवन और अन्य धार्मिक पहलुओं को दर्शाने वाले एनीमेशन का चित्रण होगा।-3डी मॉडल -त्रिवेणी संगम, अक्षयवट और समुद्र मंथन के दृश्यों को थ्रीडी मॉडल्स के माध्यम से दर्शाया जाएगा। -आधुनिक नवाचार ÷ एआई चैटबॉट और मल्टी-लैंग्वेज ट्रांसलेटर डिवाइस का भी प्रदर्शन किया जाएगा जो अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों को सहज अनुभव प्रदान करेगा। -पर्यटन पैकेज की जानकारी-यात्रा और आवास सुविधाओं का डिजिटल प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। बाकायदा टेंट सिटी व होटल रूम के एक सेटअप को स्थापित किया जाएगा, जिससे कल्पवास के दौरान मिलने वाली सुविधाओं को प्रत्यक्ष तौर पर आगंतुक देख सकेंगे- डिजिटल वॉक थ्रू - कार्यक्रम के अंतर्गत 10 मिनट के वर्चुअल वॉक-थ्रू सेशन का आयोजन भी किया जाएगा जिसके जरिए आगंतुकों को मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों की जानकारी मिल सकेगी।

## G-20 - मोदी और मेलोनी की मुलाकात, भारत-इटली ने रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई




रियो डी जेनेरियो । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी महत्व को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अपने सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने रोम-नई दिल्ली साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एक ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान के साथ-साथ टाइम सेंसिटिव इनिशिएटिव की सीरीज की रूपरेखा तैयार की। प्रधानमंत्री मोदी की इतालवी समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी के साथ बातचीत में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच साझेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया, रियो डी जेनेरियो जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी में संबंधों को मजबूत बनाने पर केंद्रित रही। हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी बात की। भारत-इटली की दोस्ती एक बेहतर दुनिया के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी ने भी एक्स पर पोस्ट किया, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर हमेशा बहुत खुशी होती है। रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर भी हमारी मुलाकात हुई। पीएम मेलोनी ने आगे कहा, यह बातचीत एक अनमोल अवसर थी, जिसने हमें व्यापार और निवेश, साइंस-टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2025-29 के लिए एक ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान की घोषणा के साथ भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अनुमति दी। इतालवी प्रधानमंत्री ने कहा, हमने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं, नागरिकों के लाभ के लिए और लोकतंत्र, कानून के शासन, विकास के साझा मूल्यों के समर्थन में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

# संपादकीय

## जल्दबाजी का पश्चाताप ( बाल कहानी )

गरीबी से परेशान एक युवक अपना जीवन समाप्त करने के लिए नदी पर गया, लेकिन वहां एक साधु ने उसे ऐसा करने के लिए मना कर दिया। साधु ने युवक की परेशानी को सुनकर कहा- मेरे पास एक विद्या है जिससे जादुई घड़ा बन जाता है। तुम जो भी इस घड़े से मांगोगे, वह तुम्हारे लिए उपस्थित हो जाएगा। परंतु जिस दिन घड़ा फूट गया, उसी समय जो कुछ भी इस घड़े ने दिया था, वह सब अदृश्य हो जाएगा। साधु ने आगे कहा- अगर तुम दो वर्ष तक मेरे आश्रम में रहो, तो यह घड़ा मैं तुम्हें दे सकता हूं। और अगर पांच वर्ष तक आश्रम में रहो, तो मैं यह घड़ा बनाने की विद्या तुम्हें सिखा दूंगा। तुम क्या चाहते हो? युवक ने कहा- महाराज! मैं तो दो साल ही आपकी सेवा करना चाहूंगा। मुझे तो जल्द से जल्द यह घड़ा ही चाहिए। मैं इसे बहुत संभालकर रखूंगा। कभी फूटने ही नहीं दूंगा। इस तरह दो वर्ष आश्रम में सेवा करने के बाद युवक ने यह जादुई घड़ा प्राप्त कर लिया और उसे लेकर अपने घर आ गया। उसने घड़े से हर इच्छा पूरी करनी चाही और वह पूरी होती गई। घर बनवाया, महल बनवाया, नौकर-चाकर मांगे। वह सभी को अपनी धाक व वैभव-संपदा दिखाने लगा। उसने शराब पीना शुरू कर दिया। एक दिन वह जादुई घड़ा सर पर रखकर नाचने लगा। अचानक उसे ठोकर लगी और घड़ा गिरकर फूट गया। घड़ा फूटते ही सभी कुछ छू-मंतर हो गया। अब युवक पश्चाताप करने लगा कि काश! मैंने जल्दबाजी न की होती और घड़ा बनाने की विद्या सीख ली होती तो आज मैं फिर से कंगाल न होता।

## वह चीज़े जिनका टूटना अशुभ नहीं, शुभ माना जाता है



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई अपने काम जल्दबाजी में करता है। मगर अक्सर जल्दबाजी में किया गया आपका काम और भी बढ़ा देता है। जैसे कि रसोई में जल्दबाजी करते वक्त हाथ से कुछ गिर जाना या फिर खाना पकाते वक्त जल जाना, ऐसी कई बाते हैं जिन्हें लेकर न चाहते हुए भी लोगों के मन में वहम जाग जाता है। मगर वास्तु के अनुसार हाथ से किसी चीज का गिरना या फिर हाथ से गिरकर टूट जाना हर बार अशुभ नहीं माना जाता। वास्तु के अनुसार चीजों का हाथ से गिरकर टूट जाना हमारे ऊपर या हमारी जिंदगी में अशुभ की बजाएं शुभ प्रभाव भी डालता हैं। अब इन चीजों में कितनी सच्चाई हैं, ये तो कोई नहीं जानता। फिर भी आज हम आपको कुछ चीज़ों के गिरने या टूटने पर होने वाले हमपर प्रभाव के बारे में बताएंगे जो इस प्रकार हैं...

दूध का उबलना - अक्सर लोग दूध के उबल कर गिर जाने पर चिंता करने लगते है और परेशान हो जाते हैं लेकिन इसके लिए एक धारणा है कि दूध अगर उबलकर सीधा जमीन पर गिरे तो उसे शुभ माना जाता है और अगर गैस की फ्लैम को छुएं तो वो अशुभ माना जाता है। शीशे का टूटना - कांच टूटने पर लोग इसे अपशगुन समझने लगते है। वहीं वास्तु शास्त्र के अनुसार कांच का टूट कर गिरना शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक कांच आप पर आने वाली बला को खुद पर लेकर टूट जाता है लेकिन याद रखें कि टूटे हुए कांच को जितना जल्दी हो सके बाहर फेंक दे क्योंकि ऐसा करने से कांच के साथ-साथ आप पर आने वाली बला भी कांच के साथ ही घर से बाहर चली जाएगी। नमक का गिरना - नमक खाना बनाने के साथ-साथ नज़र उतारने के भी काम आता है लेकिन किसी कारणवश यह हाथों से गिर जाएं तो इसे अपशगुन माना जाता है मगर इंग्लैंड में लोकविश्वास है कि गिरे नमक में से एक चुटकी लेकर बाएं कंधे की ओर से पीछे फेंक देने पर अपशगुन नहीं होता। चप्पल का टूटना - अगर आपकी चप्पल बहुत पुरानी या आम भाषा में कहें कि घिस कर टूट गई है तो इसे शुभ माना जाता है। लोगों की इस बारे में सोच है कि चप्पल के घिसकर टूटने से उनके दुख भी टूट कर नष्ट हो जाते हैं। हाथ से चीज़ों का गिरना - अगर हाथों और पर्स से रूपए-पैसे गिर जाते है तो इसे अशुभ और धन की देवी लक्ष्मी का रुठ जाना मानते हैं। ये आर्थिक नुकसान का संकेत देता है। इससे बचने के लिए गिरे हुए रूपए-पैसों को तुरंत उठाकर सिर से लगाकर धन की देवी लक्ष्मी से क्षमा याचना करके उसे जेब में रखना चाहिए। इससे आर्थिक नुकसान से बचाव होगा।

## 20 नवंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 06.48 प्रात-
सूर्यास्त 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 10.01 रात्रि
चंद्र अस्त- 11.53 प्रात-
चंद्रमा- प्रात 05.05 उपांत कर्क राशि मे।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना कार्तिक 19 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष- 05 पक्ष-कृष्ण पक्ष 05
तिथि-पंचमी दोपहर 04.49 तक बाद में षष्ठी, नक्षत्र-पुनर्वसु दोपहर 02.50 तक बाद में पुष्य,योग- शुभ रात्री 01.08 तक बाद में शुक्ल, करण- तैतिल दोपहर 04.49 तक बाद में ग़र प्रात- 04.50 तक बाद में वणिज,
राहु काल दोपहर-12.00 से 01.30 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, दुमुहूर्त प्रात-11.50 से 12.43 तक अमृत काल- दोपहर 12.27 से 02.02 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.12 से 06.00 तक।

## आज 20 नवंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- घर की किशत पेंडिंग है तो समस्या होगी, शॉप, केमिकल व्यवसाय में धन लाभ होगा, उत्तेजना पर काबू रखें।
भाग्य प्रतिशत-56

वृषभ- व्यवसायिक टूर पर जा सकते है, पत्नी से विचार नहीं मिलेंगे, स्पोर्ट्स गुड्स व्यवसाय में मुश्किल रहेगी, जिम में है तो बीपी का ध्यान रखें अधिक वजन ना उठाए।
भाग्य प्रतिशत-63

मिथुन- मन में प्रेम और रोमांटिक विचारो की अधिकता रहेगी, सौम्य वाणी से कोई फायदा निकल लेंगे, वाहन से बाहर जा रहे है तो कागजात रखें।
भाग्य प्रतिशत-74

कर्क- कल्पनायें हावी रहेंगी, डिप्रेशन हो सकता है, गुरु की सलाह नहीं मानेंगे, ड्राइवर है तो दूर यात्रा का कार्य मिलेगा, सॉफ्टवेयर डवलप कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-53

सिंह-प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी पर हावी रहेंगे, पुलिस, सेना में है तो शस्त्र का प्रयोग करेंगे, फिल्म, मैग्जीन, ब्रांड प्रमोशन में व्यस्त रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-88

कन्या- ऑफिस से कोई प्रोजेक्ट मिलेगा, चचेरे भाइयों से कोई मतभेद सम्भव है, नामी परिवार में रिश्ते की बात चलेगी, एमबीए शिक्षक उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत- 66

तुला-पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा, रिस्क कार्य में निवेश टाल दे, सर्विस प्रोवाईडर, एफएमसीजी में कार्यरत को टार्गेट करने में कठिनाई होगी।
भाग्य प्रतिशत-70

वृश्चिक- किसी क्लेम को लेकर कोर्ट में विवाद सम्भव है, सरकारी इंजिनियर सड़क बनाने में कामयाब रहेंगे, वास्तु शास्त्र, ज्योतिष का अध्ययन कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत- 80

धनु-गर्भवती होने से पहले मेडिकल जांच करवा ले, अफवाह के कारण नाम ख़राब हो सकता है, लोगों से मिलते जुलते समय, नज़दीक ना रहे।
भाग्य प्रतिशत-50

मकर- असुरक्षा की भावना रहेगी, शारीरिक व्यायाम करें, फोक्स कम होगी, नौकरी या व्यवसाय को बदलने की इच्छा होगी।
भाग्य प्रतिशत-49

कुम्भ-विवाद करना शुभ नहीं रहेगा, अधिक खर्चे और दिखावे से भी बचें, शारीरिक परेशानी को हल्के में ना लें,
ट्रांसपोर्ट, शिपिंग कार्य, मशीनरी कार्य में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-55

मीन-उच्च शिक्षा के लिए प्रयास करेंगे, गर्भवती है तो खून की कमी सम्भव है, शरीर में रोग पनप सकता है,धार्मिक पुस्तक पढ़ने से मन शांत रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-62

## अभिषेक बच्चन से अपनी तारीफ सुनकर भावुक हुये अमिताभ बच्चन



मुंबई । बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपने पुत्र अभिषेक बच्चन से अपनी तारीफ सुनकर भावुक हो गये। सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन के शो कौन बनेगा करोड़पति में अभिषेक बच्चन ने शिरकत की हैं। अभिषेक इस शो में अपनी आने वाली फिल्म आई वांट टू टॉक के प्रमोशन के लिए पहुंचे। इस शो के कई प्रोमो सामने आ चुके हैं।

शो में अभिषेक बच्चन ने परिवार के के कई राज खोले और अमिताभ बच्चन की तारीफ की। अभिषेक से अपनी तारीफ सुनने के बाद अमिताभ भावुक हो गये।

शो के दौरान अभिषेक ने कहा, पा, पता नहीं कि ये सही है कि नहीं उम्मीद करता हूं कि लोग गलत न समझे। लेकिन हम लोग आज यहां बैठे हैं रात के 10 बज गए हैं। सुबह 6.30 मेरे पापा घर से निकले थे ताकि हम आराम से 8-9 बजे सुबह जाग सके. कोई ज्यादा बात करता नहीं है कि एक पिता अपने बच्चों के लिए क्या-क्या करता है क्योंकि वो चुपचाप करते हैं।हमारे घर में पूरा परिवार मिल बैठकर खाना खाता है और कोई सवाल पूछता है तो सारे जितने बच्चे हैं वो एक साथ बोल जाते हैं 7 करोड़। फिर अमिताभ बच्चन कहते हैं इनको बुलाकर बहुत बड़ी गलती कर दी यहां। शूजित सरकार निर्देशित आई वांट टू टॉक 22 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

इस फिल्म में जॉनी लीवर और अहिल्या बामरू भी हैं और इसका निर्माण राइजिंग सन फिल्म्स के तहत रॉनी लाहिड़ी और शूजित सरकार ने किया है।

## '2024 में तीन ब्लॉकबस्टर गानों का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मानती हूं - शर्वरी



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी का कहना है कि वह '2024 में तीन ब्लॉकबस्टर गानों का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मानती है। बॉलीवुड की उभरती स्टार शर्वरी ने 2024 में सफलता का नया आयाम छुआ है! उनकी 100 करोड़ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुंजा' और ग्लोबल स्ट्रीमिंग हिट 'महाराज' ने तो सफलता के झंडे गाड़े ही हैं, साथ ही उनके सुपरहिट गानों 'तरस' (मुंजा), 'हाँ के हाँ' (महाराज) और 'तैनू खबर नहीं' (मुंजा) ने यूट्यूब पर 400 मिलियन व्यूज का रिकॉर्ड पार कर लिया है।

शर्वरी ने कहा, गाने किसी भी अभिनेता के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे दर्शकों के दिल और दिमाग तक पहुंचने का सबसे अच्छा जरिया हैं। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि 2024 में मेरे तीन बड़े हिट गाने रहे और खास बात यह है कि सभी गाने अलग-अलग जॉनर के हैं। 'तरस' एक दमदार डांस नंबर है, 'हाँ के हाँ' में पुरानी दुनिया का रोमांटिक आकर्षण है

और 'तैनू खबर नहीं' इस पीढ़ी का प्रेम गीत है। 2024 मेरे लिए शानदार साल रहा है। मेरी फिल्में और गाने, दोनों ही बड़ी सफल रही हैं। जो प्यार मुझे मेरे काम के लिए मिला है, वह बेहद अनमोल है। मैं आशा करती हूं कि भविष्य में भी मैं इस सिलसिले को जारी रख पाऊं। मैं दर्शकों का दिल से धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझे और मेरे काम को इतना पसंद किया। अब मेरी कोशिश उन्हें और भी ज्यादा गर्व महसूस कराने की है। शर्वरी अब यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की अगली बड़ी फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट भी हैं।

## बेटी मालती संग ग्लोबल स्टार प्रियंका ने बिताए अनमोल पल



मुंबई । अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपने फैंस को एक बार फिर विजुअल ट्रीट दिया है। बेटी मालती के साथ गुजारे प्यारे पल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए हैं। देसी गर्ल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी नन्ही परी की एक दिल छू लेने वाली फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह स्वेटर, सफेद स्कालर्फ, प्रिंटेड फ्लोरल जैकेट और टोपी में लिपटी हुई बदलते मौसम का आनंद ले रही हैं। तस्वीर में मालती को पतझड़ के सुनहरे रंगों से घिरे हुए देखा जा सकता है। तस्वीर में मालती हरे पौधों के बगल में खड़ी दिखाई दे रही हैं, वह बड़े ही शांत तरीके से नेचर को निहार रही हैं। कुछ दिन पहले, 'बेवॉच' अभिनेत्री ने अपनी बेटी के साथ लंदन के एक म्यूजियम की अपनी यात्रा की एक झलक शेयर की थी। तस्वीभरों में मां-बेटी की जोड़ी को म्यूजियम में क्वालिटी टाइम बिताते हुए देखा जा सकता है। एक वीडियो में मालती म्यूजियम में रखी सभी चीजों को गौर से देखती क्लिक हुईं। मालती की एक और तस्वीर खासा ध्यान खींच रही हैं। इसमें वो क्रिसमस ट्री को निहारती देखी जा सकती हैं। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो 42 वर्षीय प्रियंका चोपड़ा जल्द ही हेड्स ऑफ स्टेट में इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ और द ब्लफ में कार्ल अर्बन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। प्रियंका वर्तमान में सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, जहां वह विशेष एजेंट नादिया सिंह के रूप में अपनी भूमिका को दोहराती दिखेंगी। रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित नए सीजन में प्रियंका सह-कलाकार रिचर्ड मैडेन संग नजर आएंगी। कलाकारों में स्टेनली टुकी, लेस्ली मैनविले, एशले कमिंग्स, रोलैंड मोलर, निक्की अमुका-बर्ड और मोइरा केली भी शामिल हैं।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना महंगा हुआ है। इस चमकीली धातु की कीमत में आज 620 रुपये से लेकर 680 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76,470 रुपये से लेकर 76,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना 70,110 रुपये से लेकर 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 89,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 76,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 76,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 76,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 76,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जिगरा में आलिया भट्ट के साथ काम करना सपना सच होने जैसा - युवराज विजान



मुंबई । अभिनेता युवराज विजान का कहना है कि फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट के साथ काम करना सपना के सच होने जैसा है। फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट और वेदांग रैना के साथ काम करने वाले नवोदित अभिनेता युवराज विजान ने बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की है। इस फिल्म में युवराज ने टोनी भाटिया की भूमिका निभायी। युवराज के लिए आलिया जैसी सफल शख्सियत के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना एक सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने कहा, आलिया मैम के साथ काम करने का मेरा अनुभव शानदार रहा।मेरे लिए उनके जैसे कद के किसी व्यक्ति के साथ सेट पर होना बहुत बड़ी बात थी, खासकर मेरे डेब्यू प्रोजेक्ट में। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था।एक कलाकार के तौर पर वह बहुत ही बेहतरीन हैं। वह बस एक पल में ही अपनी भूमिका में ढ़ल जाती हैं। मैं भी एक दिन ऐसा ही करने की उम्मीद करता हूं।सुपरस्टार होने के बावजूद, सेट पर या उसके बाहर, वह सुनिश्चित करती हैं कि मेरे जैसे नए कलाकार भी सहज और सहज महसूस करें।

## विराट कोहली को निशाना बनाने के लिए इयान हीली का ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों को 'बॉडी बैश' का सुझाव



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ी इयान हीली चाहते हैं कि तेज गेंदबाजों की तिकड़ी पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क विराट कोहली के खराब फॉर्म का फायदा उठाएं और 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 'बॉडी बैश' से निशाना बनाना चाहिए। कोहली ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया में रेड-बॉल क्रिकेट में दबदबा बनाया है, उन्होंने 13 टेस्ट मैचों में 54.08 की औसत और छह शतक बनाए हैं। हालांकि, इस साल अपने छह टेस्ट मैचों में उनका औसत सिर्फ 22.72 है और हीली को लगता है कि तेज गेंदबाजों की तिकड़ी सीधी गेंदों से उनके फॉरवर्ड डिफेंस को परख सकती है, जो उन्हें एलबीडब्ल्यू से फंसाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हीली ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट को बताया, मैं जिस पहले मैचअप पर विचार कर रहा हूं, वह यह है कि हमारे तेज गेंदबाज विराट कोहली को किस तरह से गेंदबाजी कर सकते हैं, और मुझे लगता है कि उन्हें अक्सर उनके फ्रंट पैड को निशाना बनाना चाहिए। वह वहां फ्रंट फुट पर बैठते हैं और वह कहीं से भी खेल सकते हैं - वह ऑफ-साइड पर स्क्वायर खेल सकते हैं, वह लेग-साइड पर व्हिप कर सकते हैं या वह पीछे की ओर रॉक कर सकते हैं ज लेकिन उन्हें उनके फॉर्म में किसी भी तरह की असुरक्षा को देखना होगा और शायद उनके फ्रंट पैड को निशाना बनाना होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हर गेंद पर ऐसा न करें क्योंकि वह इसके आदी हो जाएँगे ज यह इम्पैक्ट बॉल है जिसे सीम के साथ सेट होने के बाद फ्रंट पैड पर होना चाहिए। हीली ने आगे कहा कि अगर कोहली के हुक और पुल शॉट के साथ गेंदबाजी करने पर पहला मैचकप काम नहीं करता है, तो गेंदबाजों को पूर्व भारतीय कप्तान से निपटने के लिए बॉडी स्मैश का इस्तेमाल करना चाहिए। कोहली ने जनवरी 2012 में एडिलेड में 116 रन बनाए थे - पहला टेस्ट शतक, उसके बाद 2014 में उसी स्थान पर 115 और 141 रन बनाए, जहां उन्होंने पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी। पूर्व कप्तान ने 2018 में नए पर्थ स्टेडियम में 123 रन भी बनाए, जो किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया पहला टेस्ट शतक था, जहां उन्होंने अंततः भारत को 2-1 से सीरीज़ जीत दिलाई, जो ऑस्ट्रेलिया में उनकी पहली टेस्ट सीरीज़ जीत थी।

अगर यह काम नहीं कर रहा है, तो बॉडी बैश करें। बैक आर्मपिट से बॉल करें, दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए यह दाहिना हाथ है ज और यह गर्म होना चाहिए। अगर वह उन गेंदों पर सवारी करना चाहता है, तो उसे कभी-कभी कूदने दें - डकिंग, वीविंग या पीछे की ओर झुकना। हीली ने कहा, लेग साइड पर उसके ठीक बगल में शॉर्ट लेग पोजिशन रखें और अगर आपको बंपर की जरूरत है, तो उसे बैज पर जाना होगा। वह हुक शॉट या पुल शॉट के साथ हार्ड स्पेल से बाहर निकलने की कोशिश कर सकता है और अगर यह बैज की ऊंचाई पर है तो इसे नियंत्रित करना मुश्किल होगा। इसलिए यह दूसरी रणनीति है, बॉडी बैशिंग।

## रोहित के समर्थन में आए हेड, भारत को कम आंकने पर दी चेतावनी



पर्थ । बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीखी नोक झोंक से परे ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने निजी कारणों के चलते रोहित शर्मा का पर्थ टेस्ट से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया है। रोहित के उपलब्ध न होने की वजह से तेज गेंदबाज और उपकप्तान जसप्रीत बुमराह टीम की कप्तानी करेंगे। हेड ने रोहित की प्राथमिकताओं का समर्थन करते हुए कहा कि अगर वह उसी स्थिति में होते तो वह भी यही करते। उन्होंने कहा, मैं सौ फीसदी रोहित के फैसले का समर्थन करता हूं, क्योंकि अगर मैं उनकी जगह होता तो यही फैसला लेता। ोहित शर्मा अपने दूसरे बच्चे के जन्म की वजह से टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना नहीं हुए थे, लेकिन 15 नवंबर को जब उनके बेटे ने जन्म लिया तो ऐसी उम्मीद लगाई जाने लगी थी कि रोहित पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट मैच से टीम इंडिया की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं लेकिन बाद में जानकारी आई कि रोहित ने फिलहाल, अपने परिवार और पत्नी के साथ कुछ समय बिताने का फैसला किया। हेड ने सोमवार को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में प्रशिक्षण सत्र के बाद कहा, क्रिकेटर के तौर पर हम कई चीजों का त्याग करते हैं। हम एक विशेषाधिकार प्राप्त जीवन जीते हैं, लेकिन हम अपने निजी जीवन में कई खास पल खो देते हैं। आपको वह समय वापस नहीं मिलता। उम्मीद है कि वह अपने खास लम्हों का लुत्फ उठाकर इस श्रृंखला में जल्द वापसी करेंगे। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को सीरीज के पहले मैच के लिए अपने नियमित कप्तान के बिना मैदान पर उतरना होगा। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, रोहित या तो पहले टेस्ट के बीच में या एडिलेड में खेले जाने वाले दूसरे मैच से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। सीरीज की शुरुआत में रोहित की कमी के बावजूद, हेड ने भारतीय टीम को कम आंकने के खिलाफ सबको चेतावनी दी। हेड ने 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की शानदार सीरीज जीत का जिक्र करते हुए कहा, अगर आप पिछले रिकार्ड्स को देखें, तो आप किसी भी भारतीय टीम को नकार नहीं सकते। पिछले दो दौरों में भी वह कई परेशानियों से जूझ रहे थे और लोगों ने उन पर सवाल उठाए लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। में वीरांगना दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं मिशन शक्ति 5 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटियों के जन्म एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । जागरूकता रैली को जिलाधिकारी महोदय द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया , जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट से काला आम होते हुए विकास भवन पहुंची। रैली कार्यक्रम में मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, इस अवसर पर श्री जय प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज का स्टाफ एवं महिला कल्याण विभाग स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अनुज शर्मा के बेटे हितेश शर्मा का जन्मदिन अमरपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर । खानपुर क्षेत्र के गांव अमरपुर में अनुज शर्मा के लाडले बेटे हितेश शर्मा का जन्मदिन सत्यनारायण भगवान की कथा व पूजा पाठ कराकर मनाया गया हजारों की संख्या में लोगों ने बच्चे को बहुत-बहुत बधाई व बच्चे के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी अनुज शर्मा ने कहा सभी लोगों ने फोन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चे के लिए बहुत-बहुत बधाई दी है मैं उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं सभी ने एक साथ मिलकर के काटा इस अवसर पर रवि दत्त शर्मा बैनामा लेखक सरला देवी ललित शर्मा एडवोकेट सोनी शर्मा अनुज शर्मा नितिन शर्मा हिमांशु शर्मा सर्वेश कुमार ऋषि पाल सिंह लोधी सोनू लोधी विवेक कुमार अख्तर भाई गोलू शर्मा अनेक लोग मौजूद रहे

## हिम्मत सिंह बने न्याय पंचायत अध्यक्ष



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

शिकारपुर। छतारी/अवाम विकास मंच अराजनैतिक ने संगठन का विस्तार करते हुए हिम्मत सिंह लोधी को न्याय पंचायत त्यौर बुजुर्ग का अध्यक्ष, रूप सिंह बघेल को महासचिव नियुक्त किया है। सगंठन के महासचिव मुहीब रहमान ने बताया संगठन के विस्तार के लिए अभियान शुरू हुआ है। कार्यक्रम के दौरान संगठन के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, महा सचिव राव मुहीब खां हरपाल लोधी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर संगठन कार्य करने के लिए आदेशित किया। इस मौके पर अनिल कुमार, वीपी सिंह, राजकुमार, शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## 05 आरोपियों को 12-12 वर्ष का कारावास व 70-70 हजार रुपये केअर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त 1. लाला, 2. सतपाल, 3. बिल्ली उर्फ ब्रह्मपाल, 4. शीशपाल, 5. शूरवीर पुत्रगण नारायण सिंह निवासीगण नंगला बंसी थाना चोला जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2018 में अपने गांव निवासी पदम सिंह के घर में घुसकर फरसा, लाठी-डंडो व तमंचे से वार कर वादी, वादी की मां व पत्नी को गम्भीर चोट पहुंचाना व जान से मारने की धमकी देने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी । जिसके सम्बन्ध में दिनांक 03.04.2018 को थाना चोला पर मुअसं- 347/18 धारा 147,148,149,452,323,504,506,3-25,307 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 20.05.2018 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमे 13 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 19.11.2024 को न्यायाधीश श्री शिवानन्द (मा0 न्यायालय एफटीसी -03 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त 1. लाला, 2. सतपाल, 3. बिल्ली उर्फ ब्रह्मपाल, 4. शीशपाल, 5. शूरवीर को 12-12 वर्ष का कारावास व 70-70 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री ध्रुव कुमार वर्मा व श्री भूपेन्द्र राजपूत का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

## आरोपी को 06 माह का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त कम्मू पुत्र मल्ला निवासी मौ0 रूकनसराय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के कब्जे से वर्ष 2024 में 180 नशीली गोलिया बरामद हुई थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 15.05.2024 को थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 389/2024 धारा 21/22 NDPS Act. पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 07.06.2024 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 01 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 19.11.2024 को न्यायाधीश श्री अभिमन्यु सिंह (मा0 न्यायालय एडीजे-04/स्पेशल एनडीपीएस एक्ट जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त कम्मू को 06 माह का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री अरविन्द शर्मा का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

## प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। जिला बुलंदशहर कांग्रेस कार्यालय पर भारत की पहली और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम मे एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे जिला उपाध्यक्ष चौज़ नरेंद्र सिंह एवं डॉ. एस.डी.शर्मा ने बताया कि इंदिरा गांधी जी का जन्म 19 नवंबर 1917 को इलाहाबाद में हुआ था । स्वज़्इंदिरा गांधी के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें शामिल हैं बैंकों का राष्ट्रीयकरण- उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे देश की आर्थिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। अपने विचार रखते हुए शहर अध्यक्ष प्रशान्त बाल्मीकि ने बताया कि इंदिरा गाँधी जी ने भारत-पाकिस्तान युद्ध- इंदिरा गाँधी के कार्यकाल 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान के लगभग 90 हज़ार सेनिको बंदी बना कर पूर्वी पाकिस्तान को अलग करके बांग्लादेश के रूप मे नया देश बना कर दान कर दिया। पूर्व अध्यक्ष सुभाष गाँधी ने बताया कि शकील अहमद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्रामीण विकास कार्यक्रम- उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए, जैसे कि ग्रामीण रोजगार योजना और इंदिरा ग्रामीण आवास योजना एवं अनुसूचित जाती के लोगो को गुजर बसर जीवन यापन खेती के लिए ज़मीनो के पट्टे दिए। मुनीर अकबर व डॉ सुजाता अली ने बताया कि गरीबी हटाओ कार्यक्रम- इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में गरीबी को कम करना था शिक्षा और स्वास्थ्य कार्यक्रम- उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए, जैसे कि मध्याह्न भोजन योजना और स्वास्थ्य बीमा योजना। बिमलेश बाल्मीकि ने बताया कि महिला सशक्तिकरण- उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए, जैसे कि महिला आरक्षण विधेयक और महिला विकास योजना। पर्यावरण संरक्षण- उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए, जैसे कि वनस्पति विकास योजना और जल संरक्षण योजना इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चौज़्नरेंद्र सिंह, शहर अध्यक्ष प्रशान्त बाल्मीकि, सुभाष गाँधी, जय प्रकाश शर्मा, हर्षवर्धन वाल्मीकि, अनिल शर्मा, मुनीर अकबर, सचीन वासिष्ठ, नरेश शर्मा, डॉ. सुजात अली, साहिल शाह, राम किशन जाटव, चौधरी किशन, अज़हर अली, मनीष चतुर्वेदी,एडज़्पुष्पेंद्र चौधरी, रहमत राणा, राजेंद्र सिंह, दुश्यंत गुप्ता, आस मोहम्मद कुरैशी, पवन झाम, शकील अहमद,विमलेश वाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

## आईपी कॉलेज में दो दिवसीय नैक निरीक्षण हर्षोल्लाह से संपन्न हुआ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों



बुलंदशहर। बुलंदशहर में आईपी कॉलेज में दो दिवसीय नैक निरीक्षण हर्षोल्लाह से संपन्न हुआ। निरीक्षण टीम में प्रोफेसर शशि बब्बर अध्यक्ष, प्रोफेसर कुलभूषण चंदेल सदस्य समन्वयक, डॉ विजय जोशी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज के प्राचार्य अरविंद कुमार ने अपनी प्रस्तुतीकरण में कॉलेज की गतिविधियों के बारे में संक्षेप में बताते हुए नैक टीम को अवगत कराया। इसके उपरांत आई0क्यू0ए0सी0 समन्वयक प्रोफेसर पूनम पालीवाल सहित सभी विभाग अध्यक्षों द्वारा अपने विभागों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रस्तुतीकरण दी। नैक टीम के द्वारा सभी विभागों की जांच व सर्वेक्षण किया गया। कक्षाओं में निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से वार्ता की गई। इसके साथ कंप्यूटर लैब इग्नू एवं राजश्री टंडन अध्ययन केंद्र। एन0सी0सी0 एवं एन0 एस0 एस0 एवं बोटैनिकल गार्डन का भी निरीक्षण किया गया। नैक टीम ने कॉलेज के पुरातन छात्रों एवं वर्तमान छात्रों व उनके अभिभावकों से मिलकर विस्तार पूर्वक कॉलेज के विषय में चर्चा करी सभी से संतुष्ट होकर नैक टीम ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में अंत में संस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से बुलंदशहर की संस्कृति को देखकर और विद्यार्थियों की प्रस्तुति देखकर नैक टीम के सदस्यों ने खुद मंच से मंत्र मुक्त होने की बात कही कॉलेज के सभी बातों से संतुष्ट होकर कॉलेज की तारीफ करी। इस अवसर पर अभिभावक वर्तमान छात्र एवं पुरातन छात्र एवं प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती नीना मित्तल सचिव राकेश कुमार गर्ग उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं प्रदीप अग्रवाल एवं पुरातन छात्र अभिनव वर्मा ,विकास कुमार, आईडी गुप्ता आदि से संवाद किया।

## भारतीय हलधर किसान यूनियन का तहसील परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

▶▶किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अड़े किसान रात्रि में भी धरने पर बैठे रहे किसान।



बुलंदशहर। मंगलवार को शिकारपुर तहसील में भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारी अनोखे अंदाज में बुग्गी में सवार होकर पहुंचे धरना प्रदर्शन करने जहां पर किसान मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय हलधर किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चेतन शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को शिकारपुर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। यह धरना प्रदर्शन समस्याओं का समाधान न होने पर देखते ही देखते अनिश्चितकालीन में शाम को तब्दील हो गया और समाचार लिखे जाने तक किसानों का धरना जारी था। तहसील अध्यक्ष चेतन शर्मा ने जानकारी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यह धरना भूख हड़ताल में बदल जाएगा। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार विपिन वर्मा जिन्होंने किसानों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन किसान नहीं माने किसानों ने कहा है कि जब तक संबंधित लेखपाल और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों की आवाज नहीं सुनेंगे तब तक धरना चलता रहेगा। मंगलवार देर शाम को भी किसानों का सात सूत्रीय मांगों को लेकर धरना तहसील परिसर में जारी था जहां ठंड में भी किसान धरना स्थल पर बैठकर अधिकारियों का इंतजार कर रहे थे कि हमारी किसानों की कोई तो आवाज सुने। इस मौके पर तहसील में धरना स्थल पर तमाम किसान रात्रि में भी उपस्थित रहे।

## पहासू में कांग्रेसियों ने आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों



बुलंदशहर। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर मंगलवार को पहासू में कांग्रेसियों ने आयरन लेडी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके कार्यकाल को याद किया । कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के संकल्पों और विचारों पर चलने का प्रण लिया और नफरती ताकतों से लड़ने का संकल्प लिया। शिकारपुर विधानसभा से विधायक प्रत्याशी रहे, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी की जीवन और उनके प्रधानमंत्री पद के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान ने कहा कि इंदिरा गांधी जो ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके विश्व का भूगोल बदल दिया था । बैंकों का राष्ट्रीयकरण, सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना और नफरत के खिलाफ उनकी लड़ाई आज भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी ने अपने खून का एक एक कतरा देश पर न्योछावर कर दिया लेकिन नफरत और आपसी सद्भाव को बिगाड़ने की राजनीति नहीं की। उन्होंने कहा कि दीदी प्रियंका गांधी साक्षात् इंदिरा गांधी जी का स्वरूप हैं । उनका संसद में पहुंचना ऐतिहासिक क्षण होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा भाईचारे को खत्म कर देश में अराजकता फैला रही है, देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने के लिए कांग्रेस को मजबूत करना जरूरी है। चेयरमैन पति अजमल छोटे, नगर अध्यक्ष सगीर अहमद ने कहा कि इंदिरा गांधी जी और कांग्रेस पार्टी ने देश के लिए कुर्बानी दी हैं। उन्होंने कहा कि जिस दौर में संसाधनों का अभाव था उस दौर में इंदिरा गांधी ने देश को विश्व पटल पर मजबूत किया था । कांग्रेस नेता कुलदीप पचौरी और सफाई मजदूर संघ के नेता नरेश बाल्मिकी ने कहा कि घर घर तक इंदिरा गांधी और कांग्रेस की नीतियां पहुंचाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एड, पहासू चेयरमैन पति अजमल छोटे, कुलदीप पचौरी, नगर अध्यक्ष सगीर अहमद, नरेश बाल्मिकी, सभासद अशरफ अंसारी, फुरकान खान, वामेश ठाकुर, मुकीम, रजा मोहम्मद, धर्मेंद्र, उदित, जमशेद अली, हनीफ खान आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान होगा



लखनऊ । लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान होगा। प्रदेश की नौ सीटों अंबेडकरनगर में कटेहरी, मैनपुरी में करहल, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद में मीरापुर, मिर्जापुर में मझवां, कानपुर नगर में सीसामऊ, अलीगढ़ में खैर, प्रयागराज में फूलपुर और मुरादाबाद में कुंदरकी सीटों पर 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। इनमें से आठ सीटें मौजूदा विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई हैं, जबकि सीसामऊ में मौजूदा सपा विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव में कुल 90 उम्मीदवार मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। वहीं, सबसे कम पांच—पांच उम्मीदवार खैर (सुरक्षित) और सीसामऊ सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी जबकि भाजपा ने फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर पर जीत हासिल की थी। मीरापुर सीट राष्ट्रीय लोकदल के पास थी, जो अब भाजपा की सहयोगी है। कांग्रेस उपचुनाव नहीं लड़ रही है और इंडिया गठबंधन की अपनी सहयोगी सपा का समर्थन कर रही है। बहुजन समाज पार्टी अपने दम पर सभी नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने गाजियाबाद, कुंदरकी और मीरापुर सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि चंद्रशेखर की आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने सीसामऊ को छोड़कर सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। उपचुनावों के नतीजों का 403 सदस्यीय उप्र विधानसभा पर कोई सीधा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह विभिन्न राजनीतिक दलों को एक संदेश देगा। सपा जहां सदन में अपनी संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रखेगी, वहीं भाजपा और उसकी सहयोगी रालोद विधानसभा में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विधानसभा में भाजपा के 251 विधायक हैं, जबकि सपा के 105 विधायक हैं। भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के 13 विधायक हैं, रालोद के 8 विधायक हैं, सुभासपा के 6 विधायक हैं और निषाद पार्टी के 5 विधायक हैं। कांग्रेस और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो-दो विधायक हैं, जबकि बसपा का एक विधायक है। वर्तमान में दस सीटें खाली हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को मतदाताओं से अपनी पार्टी के लिए वोट करने की अपील की। सपा के एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'मैं अपने सभी मतदाताओं, खासकर युवा किसानों से मदद करने के लिए कहना चाहूंगा। प्रशासन केवल चुनावों में गड़बड़ी पैदा कर सकता है। मुझे उम्मीद है कि प्रशासन बाबा साहब भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को बचाने के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेगा।' उप्र भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने मंगलवार को सपा पर निशाना साधते हुए कहा, समाजवादी पार्टी उपचुनाव हारने से डर रही है। अखिलेश यादव हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़कर जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। हार के डर से सपा चुनाव आयोग से यह बचकानी मांग कर रही है कि पहचान पत्र न जांचे जाएं। जबकि पहले भी बुर्का पहनकर फर्जी मतदान करती महिलाएं पकड़ी जा चुकी हैं। शुक्ला सपा की उप्र इकाई के अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा हाल ही में लिखे गए पत्र का हवाला दे रहे थे, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग से यह निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था कि मतदान के दिन कोई भी पुलिसकर्मी मतदाता के पहचान पत्र की जांच न करे। पाल ने रिटर्निंग अधिकारियों के लिए पुस्तिका का हवाला देते हुए कहा कि मतदान के दिन मतदान अधिकारी मतदाता का पहचान पत्र जांच सकते हैं। रालोद प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने कहा कि उनकी पार्टी मीरापुर सीट बरकरार रखने जा रही है, जबकि राजग उपचुनाव वाली सभी सीटों पर जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप करेगा। उप्र कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने कहा, 'प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में अपनी पसंद स्पष्ट कर दी है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी को सबसे अधिक सीटें मिली हैं। यह गति निश्चित रूप से उपचुनावों में भी जारी रहेगी।'

## मुजफ्फरनगर में स्कूल बस दुर्घटना में 10 छात्राएं घायल




मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना थाना क्षेत्र के छाजपुर-राजपुर रोड पर मंगलवार सुबह एक स्कूल बस के लोडर से टकरा जाने के कारण 10 छात्राएं घायल हो गईं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी संत प्रसाद उपाध्याय ने बताया, ''घटना उस समय हुई जब कंधाला में गायत्री स्कूल की बस सुबह घने कोहरे के कारण लोडर से टकरा गई। बस में छात्राएं सवार थीं।'' उन्होंने बताया कि घायल छात्राओं को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बुढ़ाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि घायल 10 छात्राओं को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया, ''बाद में, उनमें से छह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इनमें नौवीं कक्षा की छात्राएं खुशी, तनु और शौकीन गंभीर रूप से घायल हैं।'' पुलिस ने लोडर को जब्त कर लिया है और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना की जांच जारी है।

## वन विभाग का रात्रि में सर्च ऑपरेशन जारी, गुलदारों की हलचल से ग्रामीण सतर्क



बिजनौर। यहां गुलदारों की लगातार बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों के बीच दहशत पैदा कर दी है। वन विभाग की टीम ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए चिन्हित इलाकों में रात्रि सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। विभाग की टीमें न केवल संभावित स्थानों पर गुलदारों की तलाश कर रही हैं, बल्कि ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भी सक्रिय हैं।

गुलदारों की मौजूदगी के संकेत कई क्षेत्रों से मिलने के बाद वन विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। टीमों को रात के समय विशेष उपकरणों और विशेषज्ञों के साथ तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

इसके साथ ही, ग्रामीणों को यह समझाया जा रहा है कि वे सतर्क रहें और अपने पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखें। वन विभाग की इस सक्रियता से जहां ग्रामीणों को राहत मिल रही है, वहीं गुलदारों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

## सात वर्षीय बच्ची से बलात्कार के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास



बहराइच । सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को यहां की पोक्सो अदालत ने 20 साल के सश्रम कारावास और 53 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर मुजरिम को दस माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मंगलवार को बताया कि मोतीपुर थानांतर्गत एक गांव के निवासी व्यक्ति ने 30 सितम्बर 2021 को थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 28 सितंबर 2021 को उसकी सात वर्षीय बच्ची (पीड़िता) घर पर अकेली थी, उसी वक्त लौकाही गाँव का इस्लाम उसके घर आया तथा पीड़िता से दुष्कर्म किया। शुक्ला के अनुसार, बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर वह फरार हो गया लेकिन बाद में इस्लाम ने बच्ची के परिवार को घटना को लेकर धमकियां दीं। एसपी ने बताया कि घटना के संबंध में आईपीसी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अदालत के समक्ष 13 दिसम्बर 2021 को आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो) संत प्रताप सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) दीप कांत मणि ने सोमवार शाम इस्लाम (44) को दोषी ठहराया और उसे बीस साल सश्रम कारावास व 53 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना ना अदा करने पर मुजरिम को दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने जुर्माने की राशि पीड़िता को दिलाए जाने की संस्तुति की है।

## यूपी की नौ सीटों पर 20 को मतदान, मैदान में 90 उम्मीदवार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। इस उपचुनाव में कुल 90 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जबकि, नौ विधानसभा क्षेत्र में 34,35,974 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 14 उम्मीदवार गाजियाबाद में हैं। सबसे कम सीसामऊ और खैर में पांच-पांच प्रत्याशी हैं। मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 3,718 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) और 1,917 मतदान केंद्र हैं। चुनाव आयोग ने 9 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक और 9 व्यय प्रेक्षक तैनात किए हैं। चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 843 भारी वाहन, 762 हल्के वाहन और 16,318 मतदान कर्मी लगाए गए हैं। नौ विधानसभा में 18,46,846 पुरुष और 15,88,967 महिला मतदाता हैं। वहीं, 161 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदान के लिए 5,151 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 5,171 बैलट यूनिट और 5,524 वीवीपैट तैयार किए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। 1,994 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

उपचुनाव के लिए कुल 74 आदर्श मतदान केंद्र, 10 समस्त महिला प्रबंधित मतदान केंद्र, 7 समस्त युवा कर्मी मतदान केंद्र और 6 समस्त दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र मान्य होंगे। मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत 18001801950 पर दर्ज कराई जा सकती है। कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिर्जापुर की मझवां, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर उपचुनाव होंगे।

## सार्वजनिक सूचना

**सम्भल जिला के तहसील के गांव मुकुटपुरा मे बने मकान कि सूचना हेतु**

सर्व समाज को सूचित किया जाता है कि आधार हाउसिंग फाइनेंश लिमिटेड जिसकी शाखा दिल्ली रोड मुरादाबाद मे हे। यूपी के जिला मुरादाबाद के गांव मुकुटपुर भीराबती कालीचरण पुत्र सीताराम जिसका प्लॉट सम्भल जिला के पास रोल गुनौर गांव में एक मकान जिसकी लंबाई 0.2530 (हेक्टेयर) है गाता संख्या 346 खाता संख्या 00601हे आधार हाउसिंग फाइनेंश में मकान को गिरवी रख दिया है आवेदन किया गया हे कि उपग्रहक की सम्पत्ति से संबंधित एक विक्रय पत्र हे । श्री कालीचरण पुत्र सीताराम मुक्तपुर तहसील गनौर जिला सम्भल में अपनी संपत्ति मे से 217.587 वर्गमीटर का एक प्लॉट कालीचरण को दान कर दिया है । अगर किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति होती है तो सीताराम पुत्र धनीराम की जिम्मेदारी होगी । तथा किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है तो वह 7 दिनों के अंदर वकील से सम्पर्क करें। सचिन एडवोकेट , मोबाइल नंबर 9457215213 / 8445336602

## राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस को स्कूली बच्चों ने भव्य रूप से मनाया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस
गुलफाम सैफी

हापुड़। के गांव सिखेड़ा राजकीय इंटर कॉलेज में मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा शैलेन्द्र कुमार गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा अशोक कुमार राना हापुड़ के दिशा निर्देशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा शर्मिलिराज राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिखैडा हापुड़ के नेतृत्व में भव्य प्राकृतिक चिकित्सा दिवस राजकीय इंटर कॉलेज सिखैडा हापुड़ में मनाया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने श्लोगन,पोस्टर, रंगोली बनाकर सभी को प्रकृति से जुझने के लिए प्रेरित किया डा शर्मिलिराज ने कहा कि जितना हम प्रकृति के संपर्क में रहेंगे उतनी ही हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी इस लिए सभी को प्रकृति से जुड़े रहना चाहिए योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा ने कहा कि मिट्टी पानी और हवा सब रोगों की एक दवा यदि हम मिट्टी पानी और हवा की वैज्ञानिकता को समझ लें तो हम उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकते हैं नैना कश्यप ने प्रकृति से जुड़े रहने के लिए एडवांस आसनों को करते हुए स्वस्थ रहने का संदेश दिया प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया प्रिंसिपल मोहित वशिष्ठ ने कहा कि हमें प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाना चाहिए, ज्योति कुमारी, सचिन कुमार योग सहायक जयवीर सिंह विपिन कुमार अजय कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक14.12.2024 को सफल बनाये जाने के लिए न्यायिकअधिकारीगण के साथ समीक्षा बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.12.2024 (शनिवार) को सफल बनाने के लिए जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, हापुड़ डॉ0रीमा बंसल की देखरेख में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ डा0 ब्रहमपाल सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए चिन्हित वादों में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व अधिक से अधिक वादों मे नोटिस/सम्मन जारी किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर जिला जज प्रथम विपिन कुमार द्वितीय, अपर जिला जज (एस.सी/एस.टी) एक्ट हापुड़, हनी गोयल, अपर जिला जज (स्पेशल पोक्सो) हापुड़, उमाकान्त जिंदल, अपर जिला जज द्वितीय, ग्यानेन्द्र सिंह यादव, अपर जिला जज पोक्सो द्वितीय, डा0 रीमा बंसल, अपर जिला जज (एफ.टी.सी) द्वितीय, विरेश चन्द्रा,सिविल जज (सी. डि.) द्वितीय, श्री रवि कुमार, सिविल जज (सी0डि0) एफ. टी.सी.,हापुड़ श्रीमति सोनाली रत्ना एवं समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड। एनसीआर संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद की ब्लड बैंक यूनिट के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया ,जिसमें रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया , और रक्तदान करने से कोई भी दिक्कत परेशानी नहीं आती है, इस विषय पर मेडिकल विशेषज्ञ और डॉक्टर ने अपने-अपने सुझाव दिए, समाज में चली आ रही सभी मिथ का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खंडन किया गया, और रक्तदान महादान इस विचार को बल दिया गया , ब्लड डोनेशन कैंप में भारी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रमुख डॉक्टर अमित वर्मा जी ने बताया एक रक्तदान तीन लोगों की जिंदगी बचता है ,जीते जी रक्तदान मरणोपरांत अंगदान अवश्य करना चाहिए। ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने में संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद की तरफ से , डॉक्टर मयूरिका त्यागी ने कहा कि संतोष हॉस्पिटल समय-समय पर रक्तदान शिविर लगता रहता है और हर साल गुरु पर्व के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया जाता है। शशि शुक्ला जी, गौरव चौहान जी, डॉक्टर अरुण, डॉक्टर अंशुल, का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरापुरम गुरुद्वारा खालसा हेल्प फाउंडेशन के सहयोग से कराया गुरप्रीत सिंह रमी, यश चड्ढा का विशेष सहयोग रहा।





## गाजियाबाद में परिवार गया शादी समारोह में चोरों ने खंगाल दिया पूरा घर



गाजियाबाद । परिवार के शादी समारोह में जाने के बाद चोरों ने ताले तोड़कर पूरा घर खंगाल डाला। घर में रखे सवा लाख रुपये और जेवरात समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर लिया। दो दिन बाद जब परिवार वापस लौटा तब चोरी का पता चला।

पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा निवासी निकुंज गोयल ने बताया कि 16 नवंबर की सुबह वह परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। 18 नवंबर की शाम करीब 3:30 बजे जब वह वापस लौटे तो घर के पिछले हिस्से में बने दरवाजे के ताले और कुंडियां टूटी हुई थीं।

घर के अंदर जाने पर पता चला कि अलमारी में रखी 1.25 लाख रुपये की नकदी और 600 ग्राम चांदी व चार ग्राम सोने के कुंडल व अन्य कीमती सामान गायब था।

पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोरों की तलाश के लिए टीम लगा दी गई है।

## किसानों का जीडीए पर प्रदर्शन, 2024 का समझौता लागू करने की मांग



गाजियाबाद । वेब सिटी और किसानों के बीच हुआ समझौता लागू नहीं करने पर किसान जीडीए कार्यालय पहुंचे। किसानों ने जीडीए ऑफिस में पहुंचकर अधिकारियों ने मिलने की कोशिश की लेकिन किसी भी अधिकारी ने किसानों से मिलने से मना कर दिया। इस पर किसानों ने जीडीए के गेट पर नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि वेब सिटी और किसानों के बीच 2014 में जो समझौता हुआ था उसको जीडीए के अधिकारी लागू नहीं करवा रहे हैं। जिससे किसान परेशान हैं। अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वो किसानों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। किसान जब भी जीडीए अधिकारियों के पास मिलने के लिए आते हैं तो उनको हर बार तारीख मिलती है। किसानों ने कहा अगर 28 नवंबर तक जीडीए अधिकारी वेब सिटी से किसानों का समझौता जो 2014 में हुआ था उसको पूर्ण तरह से लागू नहीं करते हैं तो उसके बाद किसान बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जीडीए अधिकारियों की होगी। जीडीए कार्यालय के बाहर कुछ देर तक धरना प्रदर्शन करने के बाद किसान वापस लौट गए।

किसानों ने चेतावनी दी कि अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो अबकी बार गेट वेब सिटी का नहीं जीडीए ऑफिस का बंद करेंगे। जीडीए ऑफिस के बाहर ही किसान अनशन पर बैठेंगे। इंसाफ की भीख मांगते मांगते किसानों की एक पूरी पीढ़ी गुजर गई। इस दौरान आनंद नागर, सतीश त्यागी, गुड्डू मुखिया, चिंकू चौधरी, रिडकु और अन्य समस्त गांव के किसान काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107 वीं जयंती

- देश की महान वीरांगना रानीलक्ष्मीबाई को भी उनकी जयंती पर कांग्रेस जनों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि
- इन्दिरा गांधी ने शान्ति निकेतन में रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा निर्मित विश्व-भारती विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। मंगलवार को शहर कांग्रेस जनों ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 107वीं और अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम की प्रतीक और देश की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की 196 वीं जयंती नगर पालिका परिषद स्थित गांधी पार्क पर मनाई। इस दौरान हापुड़ शहर कांग्रेस जनों ने देश की इन दो महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने देश की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन को याद करते हुए कहा है कि रानी लक्ष्मीबाई अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम की मूरत थी। रानी लक्ष्मीबाई ने अपने अदभुत शौर्य और पराक्रम से अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया था। रानी लक्ष्मीबाई ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में ही अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और 1858 में रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई। उनकी वीरता और पराक्रम को पूरा राष्ट्र नमन करता हैं और मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेता हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर याद करते हुए कहा कि 1934-35 में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के पश्चात, इन्दिरा गांधी ने शान्ति निकेतन में रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा निर्मित विश्व-भारती विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने ही इन्हे प्रियदर्शिनी नाम दिया था। इसके पश्चात वह इंग्लैंड चली गईं और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में बैठी, परन्तु वह उसमे विफल रहीं और ब्रिस्टल के बैडमिंटन स्कूल में कुछ महीने बिताने के पश्चात, 1937 में परीक्षा में सफल होने के बाद उन्होंने सोमरविल कॉलेज, ऑक्सफोर्ड में दाखिला लिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी/पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव डॉक्टर शोएब, वरिष्ठ कांग्रेसी आई सी शर्मा, सलमान राणा, गौरव गर्ग, सुबोध शास्त्री, जस्सा सिंह, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, गुलफाम कुरैशी, संदीप कुमार, मास्टर शहरयाब, शाहिद आदि लोग मौजूद रहे. !



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई ग्रैप-4 के अन्तर्गत लागू पाबन्दियों, जिला पर्यावरण/वृक्षारोपण/गंगा समिति की बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। दिल्ली एन0सी0आर0 में ग्रैप-4 के लागू होने के उपरान्त जनपद हापुड में भी ग्रैप-4 के अन्तर्गत लागू पाबन्दियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलैक्ट्रट सभागार हापुड में अतिआवश्यक (जिला पर्यावरण/वृक्षारोपण/गंगा समिति) बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये-1.जनपद हापुड में किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जायेगा तथा निर्माणाधीन कार्य पर रोक लगा दी जाये। 2.किसी भी प्रकार का कूडा/अलाव जलाने पर पूर्णत: प्रतिबन्धित किया जाये। 3.हापुड में ट्रक यातायात का प्रवेश रोकें (आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले ट्रकों/आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों को छोड़कर)। 4.नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को समय-समय पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सडको के किनारे तथा धूल जनित क्षेत्रों में पानी का छिकाव किया जाये। 5.बच्चे, बुजुर्ग और श्वसन, हृदय, मस्तिष्क संबंधी या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोग बाहरी गतिविधियों से बचें और जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें। 6.जिन विभागों की जिओ टैगिंग पूर्ण नहीं हुयी हैं वह जल्द पूर्ण करें तथा जिन विभागों ने आवंटित लक्ष्य से अतिरिक्त जिओ टैगिंग किये गए हैं वे उन्हें एक सप्ताह में ठीक कराये। 7.सी एम पोर्टल के लिए पौध की जीवितता की सूचना दिनांक 25.11.2024 तक कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी हापुड़ को उपलब्ध करायें। 8.वर्ष 2024-25 वृक्षारोपण की प्रगति merilife.nic.in पोर्टल पर अपलोड की जाये। 9.पराली, सिंगल यूज प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक बायोमेडिकल तथा क्लीनिकल अवशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए बेहतर रणनीति बनाकर निर्धारित नियमानुसार निस्तारित किया जाये। 10.अधिशासी अधिकारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये अभियान चलाकर चालान करने साथ नियमित कार्यवाही से अवगत कराये। 11.वायु प्रदूषण कि प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपद में टीम का गठन किया जाये। 12.महाकुम्भ कार्ययोजना 2025 के अन्तर्गत नालो की साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए जनपद में स्थित सभी नालों की सफाई कर जिन नालो की टैपिंग नहीं हुयी है उनकी जल्द से जल्द टैपिंग पूर्ण करें। बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। बैठक के दौरान प्रमोद कुमार प्रभागीय वनाधिकारी, सुश्री साक्षी शर्मा उप जिलाधिकारी गढमुक्तेश्वर, श्री शिवबिहारी शुक्ला जिला पंचायतीराज अधिकारी, सुनील गुप्ता उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, श्री भारत भूषण गर्ग पर्यावरण विद तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने की मतदाताओं से अपील कहा— अधिक से अधिक संख्या में करें मतदान









उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग की विज्ञप्ति द्वारा निगोशिएबुल इन्स्ट्रमेन्ट एक्ट, 1881 (1881 की एक्ट सं0-26) में प्राप्त अधिकारो के क्रम में संबंधित जनपद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिए मतदान दिवस के दिन दिनांक-20 नवम्बर, 2024 (बुधवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है तथा जिले के कोषागार व उप कोषागार भी इस इंगित तिथि को बन्द रहेंगे। अत-कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-35 (ख) के प्राविधानों के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करेंगे तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को अवकाश घोषित करेंगे तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही अवगत कराना है कि शासन से प्राप्त उक्त निर्देशों के क्रम में विधान सभा क्षेत्र-56 गाजियाबाद (जनपद गाजियाबाद) के अन्तर्गत अवस्थित ऐसे दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि मतदान के वास्तविक दिन बुद्धवार दिनांक 20.11.2024 को यदि सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उक्त आदेश का समस्त कारखाना नियोजक प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा—निर्देशों के क्रम में 20 नवम्बर 2024 को मतदान दिवस के दिन प्रात- 07.00 बजे से सांय 05¬00 बजे तक मतदान किया जायेगा। उन्होने विधानसभा—56 क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर, सर्वाधिक मतदान करने वाली विधानसभा में अपना रिकार्ड दर्ज करायें। उन्होने मतदाताओं से अपील की कि वे स्वंय मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अपने मत के प्रयोग करने के लिए आप मतदान केन्द्र पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक, आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक /डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केंद्र/राज्य सरकार / सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी) सहित 14 प्रकार के फोटो पहचान पत्र के साथ आप मतदान कर सकते हैं।

## दिल्ली में हापुड़ के मशहूर प्रसिद्ध कवि ने बांधा समा,- अनिल वाजपेई




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। हिंदी अकादमी दिल्ली सरकार एवं भारत गौरव ट्रस्ट दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में हापुड़ नगर के राष्ट्रीय कवि डा अनिल बाजपेई को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अजय महावर ने कहा कि की युवा पीढ़ी को डा अनिल बाजपेई की रचनाओं की आवश्यकता है। अनिल की देश भक्ति से ओतप्रोत रचनाएं युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करती हैं। इस अवसर पर डा अनिल बाजपेई की झांसी की रानी लक्ष्मीबाई रचना को बहुत सराहा गया। उन्होंने पढ़ा देशहित राणा व शिवा ने इतिहास लिखा उसी इतिहास वाले पन्ने पे लिखी है तू ,तुलना में तेरे जैसा कोई नहीं दीखता है,शूरवीर नारियों में सबसे बड़ी है तू इस अवसर पर देश के बड़े साहित्यकार व कवि अजय मिश्र,शैल भदावरी,मंजिल मयंक ,मनोज मिश्र आदि मौजूद रहे।

## रेडियम स्टीकर लगाकर वाहन चालकों को किया जागरूक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में वाहनों के पीछे रेडियम स्टिकर लगाकर वाहन चालकों को कोहरे में होने वाले दुर्घटना से बचने के लिए जागरूक किया। सर्दीके मौसम के साथ-साथ कोहरा भी बढ़ रहा है जिससे दृश्यता प्रभावित होने से अक्सर वाहनों की भिड़ंत के मामले सामने आते हैं ट्रैक्टर ट्राली के पीछे लाइट न होने की वजह से अक्सर हादसों का खतरा बढ़ जाता है कोहरे में सड़क हादसों पर विराम लगाने के उद्देश्य से थाना बाबूगढ़ कोतवाली के प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर लगाए और वाहन चालकों को सचेत किया कि कोहरे में सामने वाले वाहन से उचित दूरी बनाकर रखें। ऐसा करने से हादसों में कमी लाई जा सकती है। और हादसा होने से बचाया जा सकता है। बढ़ते कोहरे की वजह से सड़क हादसे भी होते हैं। सामने वाला वाहन दिखाई ना देने की वजह से अक्सर वाहनों की भिड़ंत हो जाती है कोहरे की वजह से होने वाले सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बीती रात वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया।

## राजकुमार हत्याकांड में शामिल चौथा आरोपी गिरफ्तार




उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

बाबूगढ़। पुलिस ने राजकुमार हत्याकांड में शामिल चौथा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है इंस्पेक्टर विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि गोहरा आलमगीरपुर में 10 नवंबर को जमीनी विवाद को लेकर भाइयों ने अपने बेटे सहित खेत में काम कर रहे अपने सगे भाई पर लाठी डंडों में तमंचे से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे भाई घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल किसान की मौत के मामले में नाम दर्ज आरोपी अभियुक्तगण रवि नागर पुत्र अशोक नागर निवासी गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ़ को मुबारिकपुर गेट के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अभियोग में तीन अभियुक्त पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुके हैं उक्त मुकदमे में नाम दर्ज वंचित चारों अभियुक्त गणों को गिरफ्तार कर अग्रिम में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## स्मॉग से बचाव हेतु बरतें सावधानी- मुख्य चिकित्सा अधिकारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड़ ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि जैसा कि जनपद हापुड़ में भी स्मॉग फैला हुआ है, इसके बचाव हेतु समस्त जनसाधारण से अनुरोध है कि कृपया स्मॉग से बचाव हेतू निम्न सावधानियां रखें। छोटे बच्चे, वृद्ध, गर्भवती मातायें व हृदय / फैफड़ों / कैन्सर रोग से पीड़ित मरीज़ अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें। अनावश्यक रूप से अपने वाहनों का प्रयोग न करें।

पीने हेतू हल्का गर्म पानी प्रयोग में लायें। बाहर निकलनें पर मास्क का प्रयोग करें। अपनी आँखों को पानी से साफ करते रहें। पूरे शरीर को ढ़कने वाले कपड़े पहनें।

## जिले में बगैर सराय एक्ट के संचालित ओयो होटल में होने वाली गर्म गोश्त की तस्करी ( देह व्यापार ) पर कब लगेगी रोक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस गुलफाम सैफी

हापुड। हापुड़ जिले में बगैर सराय एक्ट के कुकरमुत्ते की तरह पनपने वाले ओयो होटल में चल रहा देह व्यापार (गर्म गोश्त) की तस्करी के पर रोक लगाने को लेकर प्रशासन के द्वारा भले ही छापामार कार्यवाही समय-समय पर करने के साथ कार्यवाही की जा रही हैं। लेकिन ओयो होटल संचालक बगैर आईडी प्रूफ के होटल में आने वाले कपल्स को मुंह मांगी रकम देने पर बेखौफ होकर रूम उपलब्ध कराते हैं। जिसको लेकर पिछले दिनों कई मामले सुर्खियों में आ चुके हैं। जिले में आकलन किया जाए तो जितने भी मामले रेप संबंधी हैं। उनमें से 50त्न मामले ओयो होटल से जुड़े हुए निकलकर सामने आते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्एक रुद्र ओयो होटल सोशल मीडिया की सुर्खियां बना हुआ है। जिसमें बहुत बड़े पैमाने पर देह व्यापार फल फूल रहा है। और पुलिस रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। सूत्रों की माने तो यह गोरख धंधा जनपद में बहुत बड़े पैमाने पर ओयो होटल में संचालित किया जा रहा है। ओयो आओ मौज मस्ती करो और घर चले जाओ। इन ओयो होटल का दुष्परिणाम सर्वाधिक युवा वर्ग पर पड़ रहा है विशेष रूप से स्कूली छात्र-छात्राओं पर। तीन दिन पूर्व एक स्कूली ड्रेस में छात्र अपने प्रेमी संग ओयो होटल दी सिगनेचर में पकड़ी गई थी। जिसमें स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को बुलाकर सौपा गया था। बाद में पुलिस ने स्कूली छात्रा के परिजनों को बुलाकर मामले की जांच कर छात्रा को परिजनों को सौपा गया था।

## दिल्ली में एक कारखाने में लगी आग, कोई घायल नहीं

नई दिल्ली । बाहरी दिल्ली के बवाना में कुर्सी के एक कारखाने में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि बवाना के बी-ब्लॉक में एक कारखाने में सुबह साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल विभाग की 22 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तीन मंजिला इमारत में स्थित कुर्सियां बनाने वाले कारखाने में आग लगी थी। अधिकारी के अनुसार, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ तथा आग बुझाने के प्रयास जारी हैं।

## दिल्ली के झुग्गी बस्ती इलाके में आग लगने से 150 झुग्गियां जलकर खाक



नई दिल्ली । बाहरी दिल्ली के बवाना में सोमवार देर रात लगी आग में कम से कम 150 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना देर रात करीब डेढ़ बजे मिली और 18 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि सुबह सात बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आग संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## नोएडा में पांच शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की पांच लग्जरी कारें बरामद



नोएडा । जिले में थाना सेक्टर 20 पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से चोरी की हुई पांच लग्जरी कारें, देसी तमंचा, टीवी, इनवर्टर, बैटरी आदि बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राम बदन सिंह ने बताया कि बीती रात को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर 27 के पास से पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया गिरफ्तार बदमाशों के नाम विनोद, आदेश, करन जाट, प्यारेलाल तथा इंद्राज है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की हुई पांच लग्जरी कारें बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने वाहन चोरी की दर्जनों वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। डीसीपी ने बताया कि इनके पास से पुलिस ने कार के अलावा चोरी का टीवी, इनवर्टर, बैटरी और एक देसी तमंचा भी बरामद किया है।

## नोएडा में घने कोहरे के कारण तीन वाहन आपस में टकराए , 17 लोग घायल

नोएडा । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में छाए घने कोहरे के चलते मंगलवार को तड़के गौतम बुद्ध नगर के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर तीन वाहन टकरा गए जिससे 17 लोग घायल हो गए। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दो ट्रकों और एक बस की टक्कर में, बस में सवार 17 लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को वहां से हटवाया तथा यातायात को सुचारू रूप से चालू किया। प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर सिरसा से फरीदाबाद की तरफ जाने वाली सड़क पर, घने कोहरे के चलते एक ट्रक को पीछे से आ रहे अन्य ट्रक ने टक्कर मार दी। पीछे से एक बस आ रही थी जिसने दूसरे ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बस पानीपत से मथुरा जा रही थी। उन्होंने बताया कि हादसे में बस में बैठी 17 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना के चलते काफी देर तक इस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को वहां से हटाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू किया।

## 5 वर्षीय बच्चा व किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परेशान हुए परिजन

नोएडा । नोएडा शहर से 15 वर्षीय किशोरी तथा 5 वर्षीय बच्चा घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए है। दोनों के परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने टीमों का गठन कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी से 15 वर्ष की किशोरी घर से लापता है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 15 नवंबर से घर से लापता है। वह घर से यह कहकर गई थी कि वह अपनी दीदी के यहां जा रही है, लेकिन कहीं और चली गई है। उन्होंने बताया कि उसकी बेटी जब से लापता हुई है उनके पड़ोस में रहने वाली एक महिला के घर पर ताला लगा हुआ है। पीड़ित को आशंका है कि उसकी बेटी के लापता होने में विनीता नामक महिला का हाथ है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं थाना फेस-वन क्षेत्र के हरौला गांव से 5 वर्षीय बच्चा लापता है। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अंगद तांती पुत्र जोगिंदर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह हरौला गांव में रहता है। पीड़ित के अनुसार 17 नवंबर को उसका 5 वर्षीय बेटा सिंटू घर से खेलने के लिए निकला था, जो वापस नहीं आया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपने बेटे को काफी तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं बच्चे के पिता अंगद तांती ने आशंका व्यक्त की है कि किसी अपराधी ने उसके बच्चे को अगवा किया है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द अपने बेटे की तलाश करने की मांग की है।

## यूपीएससी की तैयारी कर रहे दो युवकों का लैपटॉप हुआ चोरी

नोएडा । नोएडा की पराठे वाली गली में एक मामला सामने आया है। यूपीएससी की तैयारी कर रहे दो युवकों का लाखों रुपये का झटका लगा है। दरअसल, दोनों युवकों का लैपटॉप चोरी हो गया। पीड़ितों ने घटना की शिकायत थाना सेक्टर-126 पुलिस से की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कुमार अर्णव ने बताया कि रायपुर खादर की पराठे वाली में साहिल अपार्टमेंट में रहते हैं। कुमार ने बताया कि 16 नवम्बर की सुबह उनका रूममेट आभाष पटेल दिल्ली स्थित अपनी कोचिंग गया था। जबकि दूसरा रूममेट अर्पित कुशवाहा फ्लैट में सो रहा था। करीब साढ़े 9 बजे उठकर अर्पित ने फ्लैट का दरवाजा बंद कर लिया। इस बीच ही किसी ने उनके फ्लैट से लाखों रुपये के दो लैपटॉप चोरी कर लिए। जांच करने पर उन्हें माउस और ढोंगल सीढ़ियों पर पड़े मिले। पीड़ितों का कहना है कि वह सभी अलग-अलग कोचिंग करते हैं। इनमें आभाष दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग ले रहा है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## गलगोटिया विश्वविद्यालय में आधुनिकसुविधाओं से युक्त एक्टिव लर्निंग भवन का हुआ लोकार्पण




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

नोएडा। सक्रिय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गलगोटिया विश्वविद्यालय में समार्ट क्लासरूम से सुसज्जित एक्टिव लर्निंग भवन का लोकार्पण किया गया। बहुमंजिला नवनिर्मित इस भवन में क्लास रूम को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ज़ोर देना है। इसे वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुये तैयार किया गया है। जिसमें कक्षा में शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी और मानवीय इंटरएक्शन को समायोजित करने के लिए सहयोगी शिक्षा की आवश्यकता को महत्व देना प्रमुख है। इस उपलक्ष्य में गलगोटिया विश्वविद्यालय ने नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर के साथ मिलकर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में वैश्विक संस्थाओं के प्रतिष्ठित विद्वानों, शिक्षकों और आमंत्रित किया गया, जिनमें नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (सिंगापुर), क्यूएस ``रेली सिमंड्स, और टाइम्स हायर एजुकेशन के प्रतिनिधि शामिल थे। यह कहना उचित होगा कि गलगोटिया विश्वविद्यालय ने भारत के पहले एक्टिव लर्निंग भवन का लोकार्पण किया है।

यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने के क्रम में एक सक्रिय पहल है। इस आयोजन में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी जश्न मनाया गया, जिसमें इसके विविध राज्यों की अद्वितीय परंपराओं, कला रूपों और जीवन शैलियों का प्रदर्शन किया गया। लोक नृत्यों की लयबद्ध धड़कनों से लेकर, जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शनी ने भारत की विविधता में एकता का सार प्रस्तुत किया। सम्मेलन का उद्देश्य 21वीं सदी में शिक्षण और अधिगम के परिवर्तनशील दृष्टिकोणों का अन्वेषण करना था, जिसमें सक्रिय शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र, अंतर्विषयक शिक्षा, और शिक्षा पद्धतियों में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर जोर दिया गया। चर्चा का केंद्र छात्रों को एक विकसित वैश्विक परिप्रेक्ष्य के लिए कौशल से लैस करना, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, और नवाचार को बढ़ावा देना था। नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (NT), सिंगापुर के प्रोफेसर गण ची लिप ने NT के अद्वितीय परिवर्तन यात्रा पर अपने उद्घाटन संबोधन में अमूल्य विचार और प्रेरणा दी, जिसका अनुसरण करना हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रिचर्ड जेम्स ने गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्र-केंद्रित सक्रिय शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र (त्स्ष्ट्स्ष्) परिवर्तन के महत्व को उजागर किया। एसोसिएट प्रोफेसर इयान डिक्सन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रॉस-कल्चरल स्टोरीटेलिंग पर अपने सत्र में चर्चा की। भारतीय और पश्चिमी सिनेमाई परंपराओं के एकीकरण को समझते हुए, उन्होंने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नवाचार के उपकरण के रूप में कहानी कहने की शक्ति को प्रदर्शित किया। डॉ. हो शेन योंग, जिनकी प्लेनरी चर्चा ने शिक्षा में एआई की भूमिका पर संतुलन बनाए रखा, ने भविष्य की शिक्षा पर गहरी विचार प्रस्तुत की। सम्मेलन में NT प्रतिनिधिमंडल, क्यूएस के अश्विन फर्नांडीस, THE के रितिन मल्होत्रा, इंटरएक्टिव कार्यशालाओं और नेटवर्किंग अवसरों के साथ पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिससे प्रतिभागियों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचार विचारों का आदान-प्रदान हुआ। गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक ढांचे को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा कि हम जो बीज आज बोते हैं, वह कल संभावनाओं के एक बड़े जंगल में बदल जाएंगे।

सीईओ, डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि यह सम्मेलन हमारे शैक्षिक अनुभव को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है, जो पारंपरिक शिक्षा मॉडल और आधुनिक दुनिया की आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गलगोटिया विश्वविद्यालय में हमारा प्राथमिक लक्ष्य एक स्मार्ट, सोचने वाली कार्यबल विकसित करना है, जिसमें रचनात्मकता, समस्या हल करने की क्षमताएं और साहसिक होने की क्षमता हो।

सम्मेलनऔर गलगोटिया विश्वविद्यालय में सक्रिय शिक्षा स्पेस का उद्घाटन हमें वैश्विक शैक्षिक संवाद के एक केंद्र के रूप में स्थापित करता है, जो शिक्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन को प्रेरित कर रहा है और संस्थागत उत्कृष्टता का एक मानक स्थापित कर रहा है।

## देवबंद में 1993 में हुए बम विस्फोटों का आरोपी 31 वर्ष बाद श्रीनगर से गिरफ्तार

सहारनपुर । सहारनपुर जिले के देवबंद में अगस्त, 1993 में हुए बम धमाकों के मुख्य आरोपी नजीर अहमद वानी को 31 वर्ष बाद एटीएस और पुलिस की टीम ने श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि आतंकवादी निरोधक दस्ते (एटीएस) और देवबंद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में देवबंद में हुए बम धमाकों के आरोपी को जम्मू कश्मीर से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि उसकी तलाश में एटीएस और पुलिस के दल लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि वह पिछले 31 वर्ष से सबको चकमा देकर अपना नाम और वेशभूषा बदलकर इधर-उधर रह रहा था। जैन ने बताया कि वर्ष 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे हुए थे और उस दौरान देवबंद में भी कई स्थानों पर साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। उन्होंने कहा कि इस हिंसा के दौरान अगस्त 1993 में शहर में पुलिसकर्मियों पर बमों से हमला किया गया था। उन्होंने बताया कि उस समय पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके नजीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन 1994 में उसे न्यायालय ने जमानत दे दी थी। जैन के अनुसार जमानत पर बाहर आने के बाद से ही वह फरार चल रहा था और पुलिस इस मामले में उसकी तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपी नजीर बम धमाकों के बाद से श्रीनगर में रह रहा था और श्रीनगर में उसकी गतिविधियों की जांच कराई जा रही है। पुलिस के मुताबिक हिजबुल मुजाहिदीन का यह कथित आतंकी बम धमाके से पहले देवबंद में रह रहा था, लेकिन जेल से जमानत मिलने के बाद वह यहां से फरार हो गया था। उस बम धमाके में दो पुलिसकर्मियों सहित चार लोग घायल हो गये थे। जैन ने बताया कि वह पिछले 31 वर्ष से न्यायालय में तारीख पर नही आ रहा था, जिसके बाद न्यायालय द्वारा 20 मई 2024 को उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। अधिकारी ने कहा कि एटीएस देवबंद और थाना देवबंद पुलिस ने आरोपी को कश्मीर में गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। सहारनपुर पुलिस ने आतंकी वानी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पकड़ा गया आतंकी हिजबुल मुजाहिदीन का सक्रिय सदस्य बताया जाता है।

## आम निवेशकों का माधवी बुच के नेतृत्व वाले सेबी से घट रहा है विश्वास - राहुल



नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की विश्वसनीयता को इसकी प्रमुख माधवी बुच के कारण धक्का लग रहा है और इसकी वास्तविकता की पड़ताल को लेकर वह विभिन्न क्षेत्र के प्रमुख लोगों से समय-समय पर बात करते हैं। कांग्रेस नेता ने आज कहा कि इस एपीसोड में उन्होंने पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा अनुभवी पत्रकार सुचेता दलाल के साथ गहन विचार विमर्श किया है जिसमें यह तथ्य सामने आया है कि श्रीमती बुच के नेतृत्व में आम निवेशकों का सेबी पर विश्वास घट गया है। श्री गांधी ने कहा, बुच स्टॉप्स हियर के इस एपिसोड में, मैंने पवन खेड़ा और अनुभवी पत्रकार सुचेता दलाल के साथ बैठकर चर्चा की है कि किस तरह एकाधिकार को बढ़ावा देने वाली प्रणाली द्वारा खुदरा निवेशकों को कुचला जा रहा है। यह बातचीत माधबी बुच के नेतृत्व में सेबी की विफलता पर प्रकाश डालती है, जहां आम निवेशक की सुरक्षा के लिए बने नियामक तंत्र अब अडानी जैसे कॉर्पोरेट दिग्गजों की सुरक्षा कर रहे हैं। यह केवल वित्तीय कुप्रबंधन के बारे में ही नहीं है बल्कि इसमें यह भी विमर्श हुआ कि कैसे छोटे निवेशक, उद्यमी और ईमानदार व्यवसाय उस प्रणाली में विश्वास खो रहे हैं जो निष्पक्षता सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा,साथ मिलकर, हम साठगांठ वाले पूंजीवाद की वास्तविक कीमत का विश्लेषण करते हैं - खोई हुई बचत के संदर्भ में ही नहीं बल्कि लाखों मेहनती भारतीयों के लिए विश्वास और अवसर के क्षरण के संदर्भ में भी विचार करते हैं। यदि हमने अभी इस पर ध्यान नहीं दिया तो हमारी अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को होने वाली क्षति अपरिवर्तनीय होगी। इस महत्वपूर्ण बातचीत के लिए हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम सच्चाई को उजागर करेंगे और एक निष्पक्ष तथा अधिक न्यायपूर्ण भारत के लिए लड़ेंगे।

## विज्ञान और किसान के बीच की दूरी कम करनी होगी - शिवराज चौहान



नई दिल्ली । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि विज्ञान और किसान के बीच की दूरी कम करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लैब टू लैंड- वैज्ञानिक से किसान तक समय पर सही जानकारी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पूसा में आयोजित वैश्विक मृदा कॉफ्रेंस-2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक नवाचारों और विस्तार प्रणालियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत के कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसियां के सहयोग से भी किसानों को ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि हम आधुनिक कृषि चौपाल का कार्यक्रम जल्दी शुरू करने वाले हैं, जिसमें वैज्ञानिक लगातार किसानों से चर्चा करके जानकारियां देंगे और समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इसके अतिरिक्त निजी और गैर सरकारी संगठनों के नेतृत्व वाली विस्तार सेवाओं ने उन्नत तकनीक को किसानों तक पहुंचाया है और उसका लाभ अब किसान ले रहे हैं। चौहान ने कहा कि केमिकल फर्टिलाइज़र का बढ़ता उपयोग व बढ़ती निर्भरता, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। आज भारत की मिट्टी बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही है। कई अध्ययनों के अनुसार हमारी 30 प्रतिशत मिट्टी खराब हो चुकी है। इस समस्या से निपटने के लिए 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने की शुरुआत हुई थी। इससे किसानों को अब पता है कि कौन-सी खाद कितनी मात्रा में उपयोग करनी है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान मिट्टी के सबसे बड़े संरक्षक हैं, उन्हें शिक्षा, प्रोत्साहन और आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी के माध्यम से हमें सशक्त बनाना है। युवाओं को भी इसमें शामिल करना चाहिए। कृषि एक लाभदायक व सम्मानजनक पेशा है, इसके लिए भी युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। छात्रों और शोधकर्ताओं को स्थानीय व वैश्विक मृदा की चुनौतियों का समाधान करने वाले नवाचारों को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिट्टी का क्षरण राष्ट्रीय मुद्दा ही नहीं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय है जो कि संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य-एसडीजी को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है।

## धूमधाम से मनाया गया दीदी की रसोई ट्रस्ट का स्थापना दिवस- गंगेश्वर दत्त शर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



नोएडा । गरीबों जरूरतमंदों की सेवा में कार्यरत दीदी की रसोई ट्रस्ट का तीसरा स्थापना दिवस आज सेक्टर 19 नोएडा सनातन धर्म मंदिर में बड़े हर्षोल्लास धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट के कार्यों में सहयोग करने वाले शहर के प्रमुख समाजसेवी महेश सक्सेना, सविता, सुमति, विजयपाल, केपी शर्मा, राहुल भाटिया, विनोद शर्मा, सुरेश अग्रवाल, रेखा चौहान, गुड़िया देवी, भरत, लक्ष्मी नारायण, नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री माननीय नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक श्रीमती विमला बाथम एवं शहर के सम्मानित पत्रकार बंधुओ सहित दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया। दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिंन्हा ने संस्था के कार्यों को रेखांकित किया।

## देश में एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों ने किया हवाई जहाज का सफर, टूटे पुराने रिकॉर्ड



नई दिल्ली । भारतीय विमानन सेवा ने एक दिन में 5 लाख से अधिक घरेलू यात्रियों को उड़ान भराने का रिकॉर्ड बनाया है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी। उन्होंने पत्र में लिखा, 17 नवंबर, 2024 को, भारतीय विमानन ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब एक ही दिन में 5,05,412 घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी, जो उल्लेखनीय 5-लाख यात्री सीमा को पार कर गया। यह इस क्षेत्र के तेजी से विकास और हवाई यात्रा की पहुंच और विश्वसनीयता में भारतीयों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने आगे लिखा, यह सफलता माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में निहित है, जिनकी प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता भारतीय विमानन को बदलने में महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, विमानन ने क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान), हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण और डिजिटल तकनीकों को अपनाने सहित परिवर्तनकारी नीतियों को देखा है, जिससे लाखों लोगों के लिए उड़ान भरना एक वास्तविकता बन गई है। उन्होंने कहा, नागरिक विमानन मंत्रालय, मेरे नेतृत्व में, उड़ान की आसानी के लिए समर्पित है-यह सुनिश्चित करना कि हवाई यात्रा सस्ती, निर्बाध और सभी के लिए सुलभ हो। यह उपलब्धि सभी विमानन हितधारकों के सामूहिक प्रयासों को उजागर करती है, जिनकी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की मैं गहराई से सराहना करता हूं। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हम हर भारतीय की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कनेक्टिविटी में सुधार, यात्री अनुभव को बेहतर बनाने और बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए काम करना जारी रखते हैं। यह न केवल एक मील का पत्थर है, बल्कि भारत को वैश्विक विमानन नेता बनाने की दिशा में एक कदम है।

## दिल्ली सरकार ने कृत्रिम बारिश के लिए केंद्र से अनुमति मांगी, प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील



नई दिल्ली । दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बीच पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्र से इस मुद्दे से निपटने के लिए एक आपात बैठक बुलाने का आग्रह किया और कहा कि इस मामले में हस्तक्षेप करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नैतिक जिम्मेदारी है। राय ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी में कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार के बार-बार अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की है और वह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को इस संबंध में फिर से पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में ग्रैप (ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान) चरण चार के प्रतिबंध लागू हैं और हम वाहनों एवं औद्योगिक प्रदूषण को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से निजी वाहनों और ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।'' राय ने कहा, ''हम धुंध को कम करने के उपायों पर विचार करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श कर रहे हैं। कृत्रिम बारिश विचाराधीन समाधानों में से एक है, जो प्रदूषकों को कम करने और हवा को साफ करने में मदद कर सकती है।'' उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने शहर में प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर आपात बैठक बुलाने और कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार द्वारा बार बार किए जा रहे अनुरोध का जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा, ''अगर केंद्र सरकार कार्रवाई नहीं कर सकती तो उनके (पर्यावरण) मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।'' राय ने इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी से भी हस्तक्षेप करने का आह्वान किया और कहा कि इस संबंध में कार्रवाई करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वह यादव को एक और पत्र लिखकर उनसे आपातकालीन बैठक बुलाने का आग्रह करने वाले हैं। उन्होंने कहा, ''दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, लेकिन केंद्र को आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाकर नेतृत्व करना चाहिए जिन्होंने कृत्रिम वर्षा पर व्यापक शोध किया है। इसके लिए विभिन्न केंद्रीय विभागों की अनुमति और सहयोग की आवश्यकता है।'' राय ने कहा कि 'ग्रैप' को पूरे उत्तर भारत में लागू किया जाना चाहिए और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राज्यों पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा, ''अगर प्रदूषण की स्थिति ऐसे ही बनी रही तो ग्रैप-चार लागू रहेगा, हम कोई छूट नहीं देंगे।''

## ठगी के मामले में चीनी नागरिक गिरफ्तार



नई दिल्ली । शेयर बाजार में निवेश के बहाने लोगों से ठगी करने वाले चीनी नागरिक फेंग को शाहदरा जिले की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि आरोपित की पहचान फेंग चेनजिन के रूप में हुई है। यह अप्रैल 2020 में आंध्र प्रदेश में एक तियावानी कंपनी के लिए काम करने के वीजा पर भारत आया था। आंध्र पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के समय उसका वीजा वैध था और पासपोर्ट और वीजा दोनों आंध्र पुलिस ने जब्त कर लिए थे। अब उसके पास कोई वैध वीजा नहीं है। डीसीपी के अनुसार आरोपित फेंग चेनजिन पहले भी दो ऐसे ही मामलों में शामिल रहा है। तकनीकी निगरानी के बाद आरोपित की गिरफ्तारी हुई है। आईएमईआई नंबर 86269406720421 वाला मोबाइल फोन, जिसका इस्तेमाल आरोपित के कब्जे से लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया था। जांच में पता चला कि धोखाधड़ी से जुड़े फिनकेयर बैंक खाते से जुड़ी 17 एक जैसी शिकायते है। अब तक जांच में पता चला है कि आरोपित 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुका। पुलिस के मुताबिक आरोपित फेंग चेनजिन व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों के माध्यम से ठगी करता था। पुलिस के अनुसार, 24 जुलाई 2024 को सुरेश कोलीचियिल अच्युतन द्वारा साइबर अपराध पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज की गई। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें धोखाधड़ी वाले शेयर बाजार प्रशिक्षण सत्रों में लालच दिया गया और बाद में कई लेन-देन में 43.5 लाख रुपये का निवेश करने के नाम ठगी की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएचओ/साइबर इंस्पेक्टर मनीष कुमार की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने जांच के दौरान उन बैंक खातों का विवरण प्राप्त किया गया, जिनमें ठगी की गई राशि ट्रांसफर की गई थी और संदिग्ध मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल का विश्लेषण किया गया। सभी संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के संदर्भ में गहन जांच की गई और तकनीकी विश्लेषण के बाद आरोपित के बारे में पता चला। जिसके बाद पुलिस ने सफदरजंग इलाके से आरोपित को गिरफ्तार किया।

## हरिराम व्यास के 514 वें चतुर्दिवसीय प्राकट्योत्सव के द्वितीय दिन हुआ होली लीला एवं ठाकुरजी और सखियों के बीच संवाद के पदों का गायन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

वृन्दावन। बाग बुंदेला क्षेत्र स्थित किशोर वन में चल रहे विशाखा सखी के अवतार हरित्रयी के आचार्य संत रसिक शेखर अनन्य शिरोमणि हरिराम व्यास के 514 वें चतुर्दिवसीय प्राकट्योत्सव के द्वितीय दिन संतों व भक्तों के द्वारा समाज-गायन किया गया।जिसमें श्रीव्यास वाणी के विभिन्न पदों होली लीला एवं ठाकुर युगलकिशोरजी और सखियों के बीच संवाद का संगीतमय सस्वर गायन किया।जिसमें हरिराम व्यास कृत रतन जटित पिचकारी भरि-भरि छिरकत चतुर सुजानि, मानहुं तरून तमालहिं लपटी, कनकलता बहुबेलि, गोरोचन मुख लेप्यो, लिखी छबीली भौंह, ये ढोटा वृषभानु राय सुवल तुम्हारी सौंह, देखति सोभा ब्रजपति रानी, आनन्द मन महं होई, आजु रोहिनी भाग हमारो, ताहिन पूजे कोई आदि पदों का गायन किया गया।
महोत्सव के अंतर्गत किशोर वन के वरिष्ठ सेवायत आचार्य घनश्याम किशोर गोस्वामी एवं आचार्य जयकिशोर गोस्वामी ने समाज मुखिया, समस्त समाजियों एवं रसप्रेमियों का अंगवस्त्र, माल्यार्पण, चंदन एवं सुगंधित द्रव्य प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर मुखिया प्रेमदास, अलबेली शरण, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा, महंत मधुमंगल शरण शुक्ल, गोपालजी, आचार्य हेमकिशोर गोस्वामी, चंद्र किशोर गोस्वामी, उपेन्द्र किशोर गोस्वामी, हित किशोर गोस्वामी, ललित किशोर गोस्वामी, उत्कर्ष किशोर गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख समाजसेवी सेठ महावीर प्रसाद मानसिंगका का 97 वां जन्मोत्सव आयोजित किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

वृन्दावन।छटीकरा रोड़/रुक्मणी विहार स्थित सेठ मुरलीधर मानसिंगका सेवा सदन में संस्थापक, प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति सेठ महावीर प्रसाद मानसिंगका का 97 वां जन्मोत्सव दिनांक 21 नवम्बर 2024 को विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के नगर उपाध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि कार्यक्रम के अंतर्गत 21 नवम्बर को प्रात: 8.30 बजे से 10.30 बजे तक सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया जाएगा।तत्पश्चात 10.30 से 12.30 बजे तक वृहद संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित होगा।जिसमें कई प्रख्यात संत, विद्वान, धर्माचार्य, सेवायत एवं विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।तत्पश्चात विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और संगठनों के द्वारा सेठ महावीर प्रसाद मानसिंगका का सम्मान किया जाएगा। प्रमुख समाजसेवी देवांश मानसिंगका, विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य मृदुलकांत शास्त्री, राधे लाल गुप्ता एवं अमित जायसवाल ने सभी से इस आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### धामी ने विकास कार्यों पर चर्चा की



चमोली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चमोली जिले में स्थित राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण के विधानसभा परिसर भराड़ीसैण में चमोली के जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ, भराड़ीसैण में संचालित कार्यों, बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों और विकास कार्यों पर चर्चा की। श्री धामी ने सुबह की सैर के दौरान इस वर्ष चार धाम यात्रा के साथ जनपद चमोली से संबंधित अन्य विकास एवं जनकल्याण के कार्यों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### मोदी ने महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, साहस और देशभक्ति की सच्ची प्रतिमूर्ति, निडर झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। आज़ादी की लड़ाई में उनकी बहादुरी और प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। विपरीत परिस्थितियों में उनके नेतृत्व ने दिखाया कि सच्चा दृढ़ संकल्प क्या होता है। श्री मोदी इस समय जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील की यात्रा पर हैं। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ 1857 की क्रान्ति के दौरान लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त किया। उस समय वह 29 वर्ष की थीं।

### भाजपा के पास 'बांटने' के सिवाय कोई दूसरा विकल्प नहीं – मनोज झा



पटना। झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव पर राजद सांसद मनोज झा ने मंगलवार को कहा कि वहां एकतरफा माहौल है। भाजपा बुरी तरह पराजित हो रही है। उन्होंने झारखंड चुनाव को लेकर कहा कि यहां एकतरफा माहौल है बन गया है। भाजपा के पास सिवाय बांटने, काटने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वोटिंग के समय बुर्का उठाकर चेहरा देखने पर मनोज झा ने कहा, पूरे देश में जो माहौल चल रहा है उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तय करना होगा कि आप किस प्रकार के देश का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह सबके प्रधानमंत्री नहीं प्रतीत होते हैं, यह दुख की बात है। राजद के नेता झा ने कहा, भाजपा वालों को सिर्फ जहर उगलना आता है और उनका काम जहर की फसल लगाना है। लेकिन, इस जहर की काट अब जनता ने ढूंढ ली है। चार सीटों पर हो रहे बिहार के उपचुनाव के नतीजे पर उन्होंने कहा कि 23 तारीख को जब नतीजे आने शुरू होंगे तो लोगों के पांव के नीचे की जमीन खिसक जाएगी। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मैं चुनाव से जुड़े हुए महाराष्ट्र, झारखंड से सारे अधिकारियों, एनडीए कार्यकर्ताओं, पोलिंग एजेंट से कहूंगा कि धर्म के नाम पर वोट ना करें। बुर्का खोलकर देखें। अगर बुर्का खोलने का कोई विरोध करें तो इसका डटकर विरोध करें, क्योंकि कानून में यह सही है। बुर्का उठाकर उनका चेहरा देखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को यह भी कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची को कराची बनाना चाहते हैं। सिंह ने कहा, मैं झारखंड के मतदाता से अपील करता हूं,आग्रह करता हूं, प्रार्थना करता हूं, जब वोट देने जाएं तो अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करें। अपनी बहू बेटियों के भविष्य की चिंता करें। जो हालात हेमंत सोरेन ने कर दिए हैं, कांग्रेस ने कर दिए हैं। वो रांची को कराची बनाना चाहते हैं।

### तमिलनाडु के चेन्नई आ रही अंतरराष्ट्रीय उड़ान में एक महिला यात्री मृत पाई गई

चेन्नई। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से तमिलनाडु के चेन्नई में मंगलवार को पहुंची एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में 37 वर्षीय एक महिला मृत पाई गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल का दौरा पड़ने से महिला की मौत हुई। पुलिस ने बताया कि विमान के यहां पहुंचने पर निजी एयरलाइन के चालक दल ने महिला को बेहोश पाया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उसकी जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पास के सरकारी अस्पताल में शव भेज दिया गया। महिला तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले की रहने वाली थी।

### क्या मणिपुर में दीवार पर लिखी इबारत को पढ़ नहीं पा रहे गृह मंत्री – कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मणिपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक से कई विधायकों के कथित तौर पर अनुपस्थित रहने को लेकर मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या वह दीवार लिखी इबारत को पढ़ नहीं पा रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मणिपुर विधानसभा में 60 विधायक हैं। कल रात मणिपुर के मुख्यमंत्री ने इंफाल में राजग के सभी विधायकों की बैठक बुलाई, जिसमें उनके अलावा केवल 26 विधायक ही उपस्थित हुए। इन 26 में से 4 विधायक एनपीपी के हैं, जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष पहले ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मौजूदा मुख्यमंत्री से समर्थन वापस लेने के लिए पत्र लिख चुके हैं।' उन्होंने कहा, 'दीवार पर लिखी इबारत बिल्कुल साफ है। लेकिन क्या मणिपुर के बड़े सूत्रधार - केंद्रीय गृह मंत्री इसे पढ़ रहे हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने राज्य की सारी ज़िम्मेदारी सौंप दी है और आउटसोर्स कर दिया है ?' रमेश ने सवाल किया कि मणिपुर के लोगों की असहनीय पीड़ा, दुख और तकलीफ़ कब तक यूं ही जारी रहेगी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार शाम सत्तारूढ़ राजग के मंत्रियों और विधायकों की बैठक बुलाई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य 60 सदस्यीय विधानसभा में सात विधायकों वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने भाजपा नीत सरकार से समर्थन वापस ले लिया है और दावा किया है कि बीरेन सिंह सरकार पूर्वोत्तर राज्य में ''संकट को हल करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रही है।'' हालांकि, समर्थन वापसी से भाजपा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उसके पास 32 विधायकों के साथ बहुमत है।

## विद्यालयों के शिक्षकों हेतु आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

मेरठ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मेरठ में जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों हेतु आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया किया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में आईसीटी के प्रयोग से उनके द्वारा किए गए प्रयासों, अभ्यास कार्य, गृह कार्य, नामांकन, उपस्थिति एवं संप्राप्ति में वृद्धि एवं लेसन प्लान आदि का प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बोधिसत्व सील प्रोफेसर आई आई एम टी विश्व विद्यालय, गौरव कुमार, प्रवक्ता राजकीय पॉलीटेक्निक ,मवाना निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन किया गया तथा नरेश कुमार प्रवक्ता द्वारा कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन किया गया। इस प्रतियोगिता में विनीता सिवास (सहायक अध्यापक) उच्च प्राथमिक विद्यालय, बफ़ावत को प्रथम एवं विकास कुमार (सहायक अध्यापक) राजकीय इंटर कॉलेज, मेरठ को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सलमान मैराज वरिष्ठ प्रवक्ता, गीता वर्मा ,वरिष्ठ प्रवक्ता ,निर्णायक मंडल के बोद्धिसत्व सील, गौरव कुमार एवं नरेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए एवं विजेताओं को अग्रिम स्तर (राज्य स्तर) की प्रतियोगिता हेतु तैयारी करने हेतु प्रेरित किया तथा अवगत कराया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ में जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के शिक्षकों हेतु सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण दिनांक 20/11/2024 से प्रारंभ होगा।

## भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए ब्रिटेन तैयार – प्रधानमंत्री स्टारमर



रियो डी जेनेरियो। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन एक 'नई रणनीतिक साझेदारी' बनाने पर ध्यान देगा। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक के बाद स्टार्मर ने कहा, भारत के साथ एक नया व्यापार समझौता ब्रिटेन में नौकरियों और समृद्धि का समर्थन करेगा। यह हमारे देश में विकास और अवसर प्रदान करने के हमारे मिशन में एक कदम आगे का प्रतिनिधित्व करेगा। मोदी-स्टारमर बैठक के बारे में यूके पीएम ऑफिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ब्रिटेन भारत के साथ एक नई रणनीतिक साझेदारी बनाने की कोशिश करेगा, जिसमें व्यापार समझौता भी शामिल होगा, साथ ही सुरक्षा, शिक्षा, टेक्नोलॉजी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करना भी शामिल होगा।' स्टारमर के बयान में कहा गया, यूके भारत के साथ एक व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है - जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के लिए, यूके के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी एक प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में, हम टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी, सुरक्षा, इनोवेशन, जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। हम व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने स्टारमर के साथ अपनी बैठक को 'बेहद उत्पादक' बताया। जुलाई में लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को हारकर उनकी जगह लेने वाले स्टारमर के साथ प्रधानमंत्री की यह पहली बैठक थी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि दोनों नेताओं को भरोसा है कि उनके वार्ताकार एक 'संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और दूरदर्शी मुक्त व्यापार समझौता' करेंगे। बयान में कहा गया कि भारत प्रवासी भारतीयों की बेहतर सेवा के लिए बेलफास्ट और मैनचेस्टर में दो नए महावाणिज्य दूतावास - या उप उच्चायोग - खोलेगा। विदेश मंत्रालय ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन में रह रहे भारत के कथित आर्थिक अपराधियों का मुद्दा उठाया, जिन्हें नई दिल्ली प्रत्यर्पित करना चाहता है। भारत जिन लोगों को प्रत्यर्पित करना चाहता है, उनमें सबसे प्रमुख हैं विजय माल्या, जो कभी शराब और एयरलाइन के बड़े उद्योगपति थे और कई वर्षों से प्रत्यर्पण से बचते रहे हैं। अन्य लोगों में हीरा व्यापारी नीरव मोदी और क्रिकेट प्रशासक ललित मोदी शामिल हैं।

## 'केजरीवाल शर्म करो' प्रदूषण को लेकर वीरेंद्र सचदेवा का दिल्ली सरकार के खिलाफ हल्ला बोल



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में आनंद विहार इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में 'सांसों का आपातकाल', 'दिल्ली बनी गैस चैंबर' जैसे तख्तियां लेकर 'शर्म करो केजरीवाल' जैसे नारे भी लगाए। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 卐आज की तारीख में दिल्ली में चौतरफा प्रदूषण का कहर देखने को मिल रहा है। इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है, तो वो दिल्ली सरकार का 10 साल का शासनकाल है। दिल्ली सरकार ने आज तक प्रदूषण को कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। यह उसी का नतीजा है कि आज की तारीख में दिल्ली में सांसों का आपातकाल घोषित हो चुका है। उन्होंने कहा, इस सरकार ने दिल्ली को बद से बदतर कर दिया है। हमारे द्वारा लगाया गया मास्क इस बात का सूचक है कि अगर समय रहते हुए आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल नहीं किया गया, तो दिल्ली में हर व्यक्ति को मास्क पहनने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आप लोग टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत नहीं करते हैं। आप खुद प्रदूषण को कम करने के लिए कुछ नहीं करते हैं और पूरा दोष केंद्र सरकार को देते हैं। केंद्र सरकार ने तो अपने कार्यकाल में कई ऐसे प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने का काम किया है, जिससे आज दिल्ली में वाहनों का भार कम हुआ है। अगर इन प्रोजेक्ट्स को जमीन पर न उतारा जाता, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि केजरीवाल आप मुंह दिखाने के लायक नहीं रहते। उन्होंने आगे कहा, 卐आप मौजूदा परिस्थिति की गंभीरता का अंदाजा महज इसी से लगा सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली सरकार को फटकार लगाकर यह कहना पड़ रहा है कि आप (दिल्ली सरकार) हमसे बिना पूछे ग्रैप-4 नहीं हटाएंगे। दिल्ली में सांसों का आपातकाल है और निसंदेह इसके लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। आम आदमी पार्टी शासित राज्य पंजाब में पराली जलाई जा रही है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। इसका खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है। वहीं प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेता हर्ष मल्होत्रा ने भी प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 卐दिल्ली सरकार बार-बार केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है। लेकिन, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि दिल्ली के चारों तरफ ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल वे बनाया गया। यह इसलिए बनाया गया, ताकि दिल्ली के अंदर से जो 4 हजार वाहन यूपी से हरियाणा जाने के लिए गुजरते थे। अब उनको वहां जाने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार ने इतना बड़ा काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि मैं दिल्ली सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपए एनवायरमेंटल सेस के रूप में वसूला। उसका हिसाब दिया जाए, ताकि जनता के बीच में स्थिति स्पष्ट हो सके कि उसे कहां खर्च किया जाए। मैं आपको बताता हूं कि यह एक हजार करोड़ रुपए केजरीवाल सरकार ने खंभों पर उन पोस्टर्स को लगाने में खर्च किया है, जिसमें लिखा हुआ था कि हम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएंगे। कुल मिलाकर यह एक हजार करोड़ रुपए भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। दिल्ली सरकार को प्रदूषण को लेकर गंभीर कदम उठाने होंगे, नहीं तो दिल्ली की जनता को यह मास्क पहनना होगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में गिरफ्तार आरोपी आकाशदीप गिल ने किये अहम खुलासे

मुंबई। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार किये गए आरोपी आकाशदीप गिल ने अहम खुलासे किए हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में गिल ने बताया है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वह सीधे तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में था। वह उसके दिए गए निर्देशों को गिरफ्तार आरोपी सुजीत सिंह और तीनों शूटरों शिव कुमार गौतम, धर्मराज कश्यप और गुरनेल सिंह तक पहुंचाता था। पूछताछ में गिल ने यह भी खुलासा किया कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश से लेकर हत्या तक अनमोल बिश्नोई से उसकी कई बार बात हुई थी। अनमोल के कहने पर ही वह बाबा सिद्दीकी मर्डर के अन्य आरोपी शुभम लोनकर और जीशान अख्तर के संपर्क में आया था और उनके निर्देशों को शूटरों तक पहुंचाने लगा था। गिल के मुताबिक वह बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल था और उसने कई अहम लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराये थे। बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल एक और आरोपी और मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने भी पूछताछ में कई अहम खुलासे किये है। गौतम ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें मुंबई आने के बाद शुभम लोनकर ने टारगेट बताया था। गौतम ने बताया कि वह शुभम लोनकर को तीन सालों से जानता है। पुणे में शुभम ने उससे कहा था कि एक शख्स को मारना है, जिसका सम्बन्ध गैंगस्टर से है। शुभम ने उससे पूछा था कि क्या वो यह काम करने के लिए राजी है।
जिसके जवाब में गौतम ने उससे दो दिन का समय मांगा था।
दो दिनों के बाद गौतम काम करने के लिए तैयार हो गया था और उसने धर्मराज कश्यप को भी उसमें शामिल कर लिया था। जिसके बाद सुनियोजित तरीके से बाबा सिद्दीकी मर्डर को अंजाम दिया गया। गौतम ने पूछताछ में यह भी बताया कि शुभम लोनकर ने उन्हें फंसाया है।

## खरगे, राहुल, प्रियंका ने इंदिरा गांधी को जयंती पर किया नमन



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर आज उनकी समाधि शक्ति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। बाद ने श्री खरगे ने इंदिरा गांधी के एक उद्धरण के साथ उन्हें याद करते हुए कहा हमने विश्वास किया है और हम अब भी विश्वास करते हैं कि स्वतंत्रता अविभाज्य है कि शांति अविभाज्य है, कि आर्थिक समृद्धि अविभाज्य है। उन्होंने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा %करोड़ों भारतीय भारत की लौह महिला% श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते रहेंगे। इंदिरा गांधी आजीवन संघर्ष, साहस और गतिशील नेतृत्व की प्रतीक थीं जिन्होंने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनकी जयंती पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। श्री गांधी ने अपनी दादी को याद करते हुए एक तस्वीर भी साझा की जिसमें वह खुद और प्रियंका अपनी दादी की गोद में है। उन्होंने तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा %दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्हीं से मैंने सीखा है कि निडर होकर देशहित के रास्ते पर चलते रहना असली ताकत है। उनकी यादें मेरी शक्ति हैं जो हमेशा मुझे राह दिखाती हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा मेरी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी जी अपने चुनाव अभियान की शुरुआत हमेशा महाराष्ट्र के नंदुरबार से करती थीं। वे मानती थीं कि आदिवासी समाज की संस्कृति सबसे अच्छी और अनूठी है क्योंकि वह प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करती है। जब वे प्रधानमंत्री बनीं तो आदिवासी समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कानून बनाकर उन्हें शक्ति देने का काम किया। उन्होंने अपनी नीतियों से आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों को सबसे ज्यादा मजबूत किया। आज कांग्रेस जाति आधारित जनगणना और एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की मांग करके इंदिरा गांधी जी के विचारों को ही आगे बढ़ा रही है। दादी जी! आपके दिए सेवा और संस्कार के सबक सदैव हमारे साथ रहेंगे।

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई



नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मंगलवार को गई की एक 'पोस्ट' में बताया कि ''संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर 24 नवंबर की सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर को समाप्त होगा। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान सदन या पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सरकार द्वारा सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है ताकि विपक्ष को सरकार के विधायी एजेंडे की जानकारी दी जा सके और साथ ही उन मुद्दों पर चर्चा की जा सके जिन पर राजनीतिक दल संसद में बहस करना चाहते हैं।

## जी-20- चीन के विदेश मंत्री से मिले एस जयशंकर, सीमा समझौते के बाद पहली मुलाकात





नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने सोमवार रात रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सीमा पर तनाव कम करने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर चर्चा की। अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीमा पर सैनिकों की वापसी के समझौता होने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि सोमवार को जी-20 के दौरान हुई बैठक में, 'भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में हुई सैन्य वापसी पर चर्चा हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों को लेकर विचार किया गया।' चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार को बीजिंग में एक ब्रीफिंग में कहा कि उनका देश 'रणनीतिक आपसी विश्वास को बढ़ाने' के लिए तैयार है। दोनों शीर्ष राजनयिकों की यह बातचीत पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच कजान में हुई बैठक के बाद हुई है।
कजान मीटिंग के बाद दोनों देशों ने सीमा तनाव को कम करने में सफलता हासिल की थी। कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी बैठक के बाद इस बात पर जोर दिया था कि विदेश मंत्री स्तर की बैठक जल्द से जल्द होगी। जयशंकर ने वांग के साथ बैठक से पहले कहा, कजान में, हमारे नेताओं ने 21 अक्टूबर की समझ को ध्यान में रखते हुए आपसी रिश्तों में अगले कदम उठाने पर आम सहमति बनाई। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि जमीनी स्तर पर उस समझ का कार्यान्वयन योजना के अनुसार आगे बढ़ा है। लिन ने कहा, चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच महत्वपूर्ण आम समझ को आगे बढ़ाने, संचार और सहयोग को बढ़ाने और रणनीतिक आपसी विश्वास को बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है।
21 अक्टूबर को भारत ने चीन के साथ सीमा समझौते पर पहुंचने की घोषणा की थी, जिससे लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध समाप्त होने की शुरुआत हुई।
अगले दिन समझौते की पुष्टि करते हुए बीजिंग ने कहा कि 'प्रासंगिक मामलों' पर समाधान हो गया है और वह समझौते की शर्तों को लागू करने के लिए नई दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा।